

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा



रांची, शुक्रवार, 15 मई 2026

संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 14 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 240, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक



4 एनसीआरबी के आंकड़े और हमारे बच्चों से जुड़ी ये सच्चाई!

शिल्पा ने बताय योग के फायदे ... 6


## पेपर लीक के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री का बड़ा एलान

# अगले साल से ऑनलाइन होगी नीट परीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की नई तारीख का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए घोषणा की कि नीट-यूजी की पुनः परीक्षा अब 21 जून को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक के आरोपों और छात्रों के विरोध के बाद सरकार ने यह अहम कदम उठाया है। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने एलान किया कि अगले साल से नीट परीक्षा ऑनलाइन होगी।




प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार छात्रों की कड़ी मेहनत और उनके प्रयासों के प्रति हमेशा संवेदनशील रही है। उन्होंने कहा, हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता छात्र और उनका भविष्य है। हम किसी भी योग्य छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

घटनाक्रम का ब्योरा देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। लेकिन 7 मई तक, एनटीए की शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से कई आपत्तियां सामने आने लगीं। इन शिकायतों में दावा किया गया था कि कथित गेस पेपर में दिए गए कुछ प्रश्न इस साल के मुख्य प्रश्नपत्र में भी हूबहू आए थे।

शिकायतें मिलने के तुरंत बाद, एनटीए, सरकार और उच्च शिक्षा विभाग ने मिलकर एक प्रारंभिक जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे भारत सरकार की संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने बताया, पहली नजर में यह मामला दो या तीन राज्यों से जुड़ा हुआ प्रतीत हुआ। इसलिए, हमने तुरंत उन राज्यों की जांच एजेंसियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया। यह पूरी प्रक्रिया 7 मई की रात को ही प्रभावी रूप से शुरू कर दी गई थी और 8 मई से आगे तक जारी रही।

जांच प्रक्रिया के बारे में बताते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि 8, 9, 10 और 11 मई तक चली जांच के बाद स्थिति बिल्कुल साफ हो गई थी। एजेंसियों को यह निश्चित हो गया कि गेस पेपर की आड़ में वास्तव में पेपर लीक किया गया था।

उन्होंने कहा, पूरी स्पष्टता मिलने के बाद, 12 मई को हमने छात्रों के हित में कड़ी कार्रवाई की। हमने यह सुनिश्चित किया कि शिक्षा माफियाओं की किसी भी साजिश के कारण, या अनुचित साधनों से अयोग्य उम्मीदवारों को लाभ मिलने की वजह से, कोई भी योग्य और मेधावी छात्र अपने अधिकारों से वंचित न रहे। सरकार के इस कदम के बाद, अब लाखों छात्रों को 21 जून को होने वाली नई परीक्षा की तैयारी के लिए कमर कसनी होगी।

### नीट परीक्षा की नई तारीख का ऐलान, 21 जून को होगी

**पहले पेपर लीक के कारण किया गया था रद्द**




नई दिल्लीः नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भारत सरकार की मंजूरी के साथ नीट-यूजी एग्जाम की नई तारीख की घोषणा कर दी है। अब यह एग्जाम रविवार 21 जून को होगा। इससे पहले नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर गुरुवार को हाईलेवल बैठक हुई। नीट-यूजी 2026 परीक्षा के रद्द होने के दो दिन बाद हुई मीटिंग में दोबारा एग्जाम कराने पर चर्चा हुई। बैठक में हायर एजुकेशन सेक्रेटरी विनीत जोशी, स्कूल एजुकेशन सेक्रेटरी संजय कुमार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह, उइरए चेयरपर्सन राहुल सिंह, केंद्रीय विद्यालय संगठन -नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। बता दें इससे पहले 3 मई को हुई नीट परीक्षा को पेपर लीक की वजह से रद्द कर दिया गया था। पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# गुमला रिमांड होम की दीवार फांद कर तीन बालकैदी फरार, मचा हड़कंप

✔ भागने में चादर को रस्सी की तरह किया इस्तेमाल

संवाददाता

**गुमलाः** शुक्रवार की सुबह गुमला जिले के सीलम स्थित रिमांड होम से तीन बालकैदी फरार हो गये। तीन किशोरों के भागने की खबर के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार तीनों किशोर सुबह करीब छह बजे सीलम स्थित रिमांड होम की दीवार फांदकर भाग निकले। बताया गया कि किशोरों ने चादर को रस्सी की तरह इस्तेमाल किया और उसे दीवार पर लगे लोहे के एंगल में फंसाकर भागने में सफल रहे।इससे पहले 25 सितंबर 2025 को गुमला के बाल सुधार गृह से दो कैदी दीवाल फांदकर फरार हो गये थे।



कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गईः सुबह जब रिमांड होम में बच्चों की गणना की गई तो तीन किशोर गायब पाए गए। इसके बाद कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और तत्काल इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की टीम रिमांड होम पहुंची तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने वहां मौजूद अन्य किशोरों और कर्मचारियों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।

सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही की आशंकाः प्राथमिक जांच में सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद रिमांड होम की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। फरार किशोरों में दो लोहरदगा जिले के जबकि एक घाघरा क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों की तलाश शुरू कर दी है तथा आसपास के थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट कर दिया गया है।प्रशासन का कहना है कि जल्द ही फरार किशोरों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं घटना के बाद रिमांड होम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की बात भी कही जा रही है।

## फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही फ्लाइट में होगा धमाका

# बम की धमकी से हैदराबाद एयरपोर्ट पर हड़कंप

एजेंसी

**हैदराबाद :** हैदराबाद के बाहरी इलाके शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप मच गया। जैसे ही फ्लाइट के एयरपोर्ट पर लैंड हुई, उसे आइसोलेशन बे में ले जाकर जांच शुरू की गई है।

यह घटना तब हुई जब लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट एलएच 754 वी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। उड़ान के दौरान एयरलाइन के कस्टमर सपोर्ट को एक ईमेल मिला, जिसमें दावा किया गया कि विमान में बम रखा गया है और शमशाबाद पहुंचने से पहले उसे उड़ा दिया जाएगा। जैसे ही यह



धमकी वाला मेल सामने आया, तुरंत ही सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से लेकर सीआईएसएफ और एयरपोर्ट सुरक्षा यूनिट तक सभी को अलर्ट कर दिया गया।

हालांकि राहत की बात यह रही कि फ्लाइट सुरक्षित तरीके से एयरपोर्ट पर लैंड कर गई। लैंडिंग के बाद विमान को सीधे आइसोलेशन बे (अलग सुरक्षित क्षेत्र) में ले जाया गया, जहां उसकी बारीकी से जांच शुरू की गई। यात्रियों को भी सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया के तहत उतारा गया और सभी की जांच की गई। शुरूआती जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं और ईमेल भेजने वाले की पहचान और स्त्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

इसी एयरपोर्ट से एक और मामला सामने आया, जो विदेशी मुद्रा की बरामदगी से जुड़ा है। सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री से लगभग 11,85,930 रुपये मूल्य की विदेशी करेंसी पकड़ी गई। यह यात्री सैयद इस्माइल अली बताया जा रहा है, जो शमशाबाद से बैंकॉक जाने की तैयारी में था।

यह करेंसी सामान्य बैगेज

# उन्नाव रेप केस में कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से झटका, दिल्ली हाई कोर्ट के सजा निलंबन के फैसले को पलटा

एजेंसी

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने 2017 के उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। इससे पहले, इस मामले में सीबीआई की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह दो महीने के भीतर इस मामले पर नए सिरे से फैसला करे। साथ ही, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि हाई कोर्ट अपना नया निर्णय लेते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछला आदेश रद्द किए जाने के फैसले से बिल्कुल भी प्रभावित न हो।





**क्या है मामला?**

जून 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर एक 17 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि नौकरी दिलाने के झांसे में उसे अपने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने विधायक के प्रभाव के कारण शुरू में मुकदमा दर्ज नहीं किया।

मार्च-अप्रैल 2018 तक लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर किशोरी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास किया, जिसके बाद 9 अप्रैल 2018 को सेंगर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ। इस दौरान पीड़िता के पिता को जेल भेज दिया गया, जहां अप्रैल 2018 में उनकी मौत हो गई। मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई और जुलाई 2018 में कुलदीप सिंह सेंगर को गिरफ्तार कर लिया गया।

भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। जुलाई 2019 में पीड़िता, उसके वकील और परिवार को ले जा रही कार में एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें पीड़िता की दो रिश्तेदारों की मौत हो गई। परिवार ने इसे सुनियोजित साजिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने पूरा मामला दिल्ली स्थानांतरित कर दिया। दिसंबर 2019 में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पिता की मौत के मामले में भी उन्हें अतिरिक्त 10 साल की सजा हुई।

## गौतम अडानी को अमेरिका से 'क्लीन चिट' की तैयारी? कांग्रेस बोली-

# 'प्रधानमंत्री ने देश के हितों को गिरवी रखा'

एजेंसी

**नई दिल्लीः** भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के लिए अमेरिका से एक बड़ी राहत भरी खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) और प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) अदाणी के खिलाफ चल रहे आपराधिक और सिविल धोखाधड़ी के मामलों को खत्म करने या निपटाने की तैयारी में हैं। इस खबर के सामने आते ही भारत में राजनीतिक पारा चढ़ गया है और कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर कड़े प्रहार किए हैं। ब्लूमबर्ग की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, एक साल से अधिक पुराने इस मामले में अमेरिकी प्रशासन अब पीछे हटने के संकेत दे रहा है।

इस घटनाक्रम से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) भी उस समानांतर सिविल धोखाधड़ी मामले को निपटाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसे उसने नवंबर 2024 में अडानी और अन्य लोगों के खिलाफ दायर किया था।



आय विभाग ने आरोप लगाया था कि अडानी और अन्य लोगों ने भारत में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का वादा किया था, ताकि नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एक सौर ऊर्जा परियोजना हासिल की जा सके। चूंकि अडानी यूएस में मौजूद नहीं थे, इसलिए न्याय विभाग की कानूनी कार्रवाई रुक गई थी। हालांकि, एसईसी का मामला अदालत में आगे बढ़ना शुरू हो गया था। जहां एक ओर न्याय विभाग अडानी पर लगे आरोप हटाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है, वहीं एसईसी के मामले के निपटारे में संभवतः आर्थिक जुर्माना शामिल होगा।

अडानी समूह के शेयरों पर रहेगी नजरः इस नई जानकारी के बीच, 15 मई, 2026 को अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों पर निवेशकों की खास नजर रहेगी। जिन कंपनियों पर निवेशकों की नजर रहेगी, उनमें अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडानी पावर शामिल हैं।

अडानी ने की एसईसी मामला खारिज करने की मांग : इससे पहले अप्रैल में, अरबपति गौतम अडानी ने यूएस की एक अदालत में याचिका दायर कर यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा दायर प्रतिभूति धोखाधड़ी के मुकदमे को खारिज करने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया कि यह मामला वर कानून का अस्वीकार्य रूप से वर सीमा के बाहर इस्तेमाल है और व्यक्तिगत क्षेत्राधिकार के अभाव में यह मामला टिक नहीं सकता। एसईसीने अडानी और अन्य लोगों पर मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया था कि उन्होंने निवेशकों को गुमराह किया। आरोप था कि उन्होंने भारत के सरकारी अधिकारियों से जुड़ी कथित रिश्वतखोरी की एक योजना का खुलासा नहीं किया, और इस मामले को वर प्रतिभूति कानूनों के तहत दायर किया गया था।

### डोनाल्ड ट्रंप का सनसनीखेज खुलासा, चीन नहीं चाहता ईरान के पास हो परमाणु हथियार



**वाशिंगटन/एजेंसीः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन नहीं चाहता कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करे। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि चीन भी चाहता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार हों। उन्होंने यह भी कहा कि चीन ईरान को प्रभावित कर सकता है, ताकि वह अमेरिका के साथ समझौता कर ले। श्री ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की राजकीय यात्रा पर हैं। यह यात्रा नौ वर्षों में किसी अमेरिकी नेता की चीन की पहली यात्रा है। गुरुवार को दोनों नेताओं ने वार्ता की और शुक्रवार को एक कार्य भोज निर्धारित है।

# मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने पर खडगे का पलटवार

एजेंसी

**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है। श्री खडगे ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर व्यापक प्रभाव होता है और इससे पूरे देश में महंगाई की श्रृंखलाबद्ध मार पड़ती है, जिसका असर उद्योगों, किसानों और घरेलू बजट पर होता है।



कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के समय सरकार ने स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए वाजिब सवालों को खारिज किया है। उनका कहना था कि रूस से तेल खरीद को लेकर मार्च में अमेरिका ने 30 दिन की छूट की अनुमति देने जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को ऐसी स्थिति में क्यों पहुंचा दिया कि भारत को अनुमति मांगनी पड़े। श्री खडगे ने कहा कि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार यह संदेश देती रही कि सब कुछ सामान्य है लेकिन अब संकट बढ़ने पर प्रधानमंत्री लोगों को घर से काम करने और ईंधन बचाने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने यह भी वह कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत नहीं दी, बल्कि केंद्रीय करों के माध्यम से भारी राजस्व अर्जित किया। उन्होंने सवाल किया कि अब महंगाई का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

# मादक पदार्थों पर नियंत्रण को लेकर उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश



संवाददाता

**खूंटी :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध अफीम की खेती, ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध दर्ज एफआईआर, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई तथा अन्य अभियानों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में अफीम की खेती नष्ट की गई थी, वहां लगातार निगरानी रखी जाए ताकि दोबारा खेती की संभावना को रोका जा सके।

उन्होंने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों, विद्यालयों एवं कॉलेजों के आसपास विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि अफीम, ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री, परिवहन एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित शिकायतों पर भी तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में मादक पदार्थों पर पूर्णतः विराम लगाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित छापेमारी अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने एवं मादक पदार्थों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल सर्जन, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, सभी अंचल अधिकारी, एनकॉर्ड के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त रवि आनंद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर का किया औचक निरीक्षण



**चतरा :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गिद्धौर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने रोस्टर के अनुरूप चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की।उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में दवा भंडार, साफ-सफाई, पेयजल एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों की कमी की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, चतरा को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित जर्जर भवन का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने भवन प्रमंडल से उसे कंडम घोषित कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही जर्जर भवन से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर राहुल देव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पेट्रोल संकट गहराते ही सड़कों पर फैला सन्नाटा



**मुरी :** रास्ते में गाडियों की आवाजाही काफी कम है । पेट्रोल नहीं मिल पाने के कारण यातायात ठफ  सी हो गई है । दुकानों में भी लोग काफी कम नजर आ रहें हैं इसलिए दुकान भी काफी कम चल रही हैं आवागमन में भी गाड़ी का आना जाना कम है । सिल्ली मुरी में 5 पेट्रोल पम्प है जबकि फिर भी लोगो को  पेट्रोल के लिए  परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोटर साइकिल को  1 लिटर से ज्यादा बड़ी गाड़ी को 4 लिटर ही पेट्रोल दिया जाये  ताकि पेट्रोल सभी को मिल सके

### प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन में हुई धांधली: राजन सिंह राजा



**मुरी:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन में बहुत सारी गड़बड़ी हुई है जिसका मैं विरोध करता हूंऔर प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष  से मांग करता हूं कि गडबड़ियों को अविलम्ब सुधारें और योग्य और अनुभवी लोगों को उनकी योग्यता और सीनियरिटी के हिसाब से पद दें । राहुल गांधी के एक व्यक्ति एक पद वाला फार्मला लागू करें, प्रदेश अध्यक्ष जी संगठन के अध्यक्ष हैं इसीलिये संगठन हित में निर्णय लें, संगठन में परिवारवाद और गणेश परिक्रमा  करनेवाले को बढ़ावा देने से संगठन कमजोर होगा, कमिटी गठन के पहले पद के इच्छुक कॉंग्रेसजनों से फार्म भरवाया गया था और कहा गया था कि सभी लोगों का इंटरव्यू होगा और उसमें योग्यतानुसार पद दिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, सीधे कमिटी की घोषणा कर दी गई जो हम जैसे सैंकड़ों कॉंग्रेसियों के साथ धोखाधड़ी और अन्याय करने के समान है, जिलाध्यक्षों के चुनाव में भी प्रदेश अध्यक्ष जी ने कुछ ऐसा ही कारनामा किया था लेकिन अब पानी सर के ऊपर आ गया है इसीलिये मैं प्रदेश अध्यक्ष  से पुनः विनम्र आग्रह करता हूँ कि अभी भी देरी नहीं हुई है ,अपनी गलती को सुधारें और संगठन हित में निर्णय लें नहीं तो हम लोग सड़क पर उतर कर विरोध करने के लिए विवश हो जाएंगे और तब भी सुनवाई नहीं हुई तो दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी बातों को और अध्यक्ष जी के कारनामों को रखने का काम करेंगे । उक्त बातें वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता, झारखंड प्रदेश कामगार कॉंग्रेस के महासचिव सह कॉंके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजन सिंह राजा ने एक पत्र लिखकर झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी के. राजू को अवगत कराया और इसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को भी प्रेसित किया।

### छठ तालाब में डूबने से युवक की मौत



**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के शहर स्थित दीभा मोहल्ला के छठ तालाब में गुरूवार को नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ तालाब के पास जुट गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के ब्रह्मणा गांव निवासी योगेश भुइया का पुत्र बसंत भुइया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बसंत दोपहर में छठ तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद युवक को तालाब से बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव बाहर निकलते ही मौके पर मौजूद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### 25 मई से चढ़ेगा रोहण नक्षत्र



**चतरा :** जिले में खरीफ खेती की तैयारी अब तेज होने लगी है। 25 मई से रोहण नक्षत्र चढ़ने वाला है, जिसे धान का बिचड़ा बोने के लिए शुभ माना जाता है। रोहण नक्षत्र 16 दिनों तक रहता है। इसके बाद मृगड़ाह नक्षत्र शुरू होगा, जिसकी अवधि 13 दिन की होती है। वहीं किसानों की सबसे ज्यादा नजर अद्रा नक्षत्र पर टिकी रहती है, क्योंकि इसी दौरान बड़े पैमाने पर धान का बिचड़ा बोया जाता है। इन दिनों गांवों में किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। कहीं खेतों की जुताई हो रही है तो कहीं बिचड़ा तैयार करने के लिए खर-पतवार हटाए जा रहे हैं। किसान बारिश की उम्मीद के साथ खेतों को तैयार कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही खेतों में किसानों की चहल-पहल बढ़ गई है। किसान सुरेंद्र सिंह, कामेश्वर यादव, बीरजु मिस्त्री और रामप्रवेश ठाकुर ने बताया कि पहले रोहण नक्षत्र में ही अधिकांश किसान बिचड़ा बो देते थे, लेकिन अब मौसम का मिजाज बदल गया है। बारिश समय पर नहीं होने के कारण किसान अद्रा नक्षत्र का इंतजार करते हैं। उन्होंने बताया कि अब रोहण नक्षत्र में सिर्फ छिटपुट किसान ही बिचड़ा बोते हैं, जबकि अद्रा नक्षत्र में बड़े स्तर पर बुआई होती है।किसानों का कहना है कि चतरा क्षेत्र की खेती पूरी तरह मानसून और बारिश के पानी पर निर्भर है। समय पर बारिश नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो जाता है। ऐसे में किसान मौसम की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यों की शुरूआत के साथ ही खाद, बीज और मजदूरों की मांग भी बढ़ने लगी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस बार मानसून सामान्य रहा तो धान उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है।

# पुलिस की दो बड़ी कार्रवाई, 231 किलो डोडा और 1.1 किलो अफीम बरामद



संवाददाता

**खूंटी :** पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में खूंटी पुलिस को अवैध नशा कारोबार के खिलाफ लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध डोडा और अफीम बरामद किया है। हालांकि दोनों मामलों में तस्कर अंधेरे और मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पहली कार्रवाई मुरहू थाना क्षेत्र में की गई, जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घाघरा गांव के पास गानलोय-सारीदकेल मार्ग पर छापेमारी कर एक मारुति इको वाहन से 13 बोरों में भरा लगभग 231 किलो अवैध डोडा बरामद किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि मुरहू थाना की गश्ती टीम को सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन के साथ कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही सभी आरोपी जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस ने वाहन की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध डोडा बरामद किया, जिसके बाद वाहन और जब्त सामान को मुरहू थाना लाया गया। इस मामले में मुरहू थाना कांड संख्या 44/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, मुरहू थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।वहीं दूसरी कार्रवाई में खूंटी पुलिस ने अनिगड़ा ग्राम के पास लगभग 1 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बंदगांव की ओर से एक व्यक्ति जावा मोटरसाइकिल पर अवैध अफीम लेकर खूंटी आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित कर खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित अनिगड़ा चौक के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह तेजी से अनिगड़ा गांव की ओर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर खेतों की ओर फरार हो गया। भागने के दौरान उसने अपने पास रखा काले रंग का बैग भी फेंक दिया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें पारदर्शी प्लास्टिक में लिपटा हुआ अवैध अफीम बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से अफीम और जावा मोटरसाइकिल दोनों को जब्त कर लिया है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 09/26 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार के अलावा मणि दीप, मनोज कच्छप एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

खूंटी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## अफीम कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई 10 लाख रुपए मूल्य के अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**चतरा :** जिले के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में चतरा पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीते बुधवार को इटखोरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में बलेनो कार संख्या जेएच 028 जे -5997 से 2 किलो 28 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम विकास कुमार(22 वर्ष) है। तस्कर सदर थाना क्षेत्र के लिपदा मोहल्ला का रहनेवाला है। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बोलेनो कार से एक तस्कर इटखोरी थाना क्षेत्र के रास्ते से अफीम की खरीद बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्यालय डीएसपी अमिता लकड़ा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन करते हुए उक्त सफलता हासिल की गई। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद अफीम की अनुमानित कीमत 10 लाख रु है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ में यह बात सामने आई कि चतरा से अफीम की खरीदगी कर हजारीबाग जिला ले जाते हैं और वहां से ब्राउन सुगर की प्रोसेसिंग करते हैं। इसके बाद हजारीबाग से दूसरे राज्यों में भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अंतर्राज्यीय गिरोह का भी पता चला है। उनकी तलाश में छापामारी अभियान चलाई जा रही है। एसपी ने बताया कि इसके अलावा जेल से छूटे हुए तस्करों पर भी निगाह रखी जा रही है। प्रत्येक थाना को जिम्मेवारी दी गई है कि ऐसे लोगों को प्रति दिन थाना में बुलाकर हाजिरी लें और आने जाने वाली जगहों पर निगाह रखें। इस संबंध में इटखोरी थाना कांड संख्या 62/26 दिनांक 13 मई 2026 दर्ज की गई है।

## आई फोर्टे आई हॉस्पिटल ने पूरे किए सफलतापूर्वक दो वर्ष

**खूंटी :** शहर स्थित छोटकी रोड में आई फोर्टे आई हॉस्पिटल ने डॉक्टर सुभाष कुमार के नेतृत्व में सेवा, विश्वास और बेहतर उपचार के साथ अपने सफलतापूर्वक दो वर्ष पूरे कर लिए। इस खास अवसर पर अस्पताल परिसर में केक काटकर खुशी का इजहार किया गया तथा इस यादगार पल को सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक मनाया।कार्यक्रम में खूंटी मजिस्ट्रेट विपिन चंद्र विश्वास, सिस्टर पिरिला, सिस्टर विधियां, जितेंद्र कुमार, पीके. मिश्रा, वीर सिंह पूर्ति, लक्ष्मी बाखला, नारायण बड़ाइक एवं लक्ष्मी कांत नारायण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर अस्पताल की निरंतर सफलता और जनसेवा की भावना की सराहना की।

# कमात में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का भव्य समापन

## मंत्रोच्चार के बीच हुई शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता

**चतरा :** सदर प्रखंड के कमात गांव में आयोजित सात दिवसीय शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का समापन गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हो गया। अंतिम दिन यज्ञशाला में पूणार्हुति, विशेष पूजन और हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत समापन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।समापन अवसर पर आचार्यों की मौजूदगी में शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा मंदिर में संपन्न कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। इसके बाद अयोध्या से आए नागा बाबा की टीम की उपस्थिति में मंदिर का नामकरण भी किया गया। अब



कमात गांव का शिव मंदिर चंद्रेश्वर महादेव के नाम से जाना जाएगा। इस घोषणा के बाद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ अपनी आस्था प्रकट की। दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों के बाद रात में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों ने भक्ति गीत, लोक संगीत और आकर्षक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजती रहीं। पूरे यज्ञ परिसर में भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

सात दिनों तक चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं यज्ञ स्थल पर लगे मेले में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अयोध्या से पधारे आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा केवल मूर्ति स्थापना नहीं, बल्कि दिव्य चेतना का आवाहन है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सामाजिक एकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। चंद्रेश्वर महादेव मंदिर आने वाले समय में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# अफवाह से मचा हड़कंप, रांची में पेट्रोल 100 के पार, पंपों पर लगी लंबी कतारें

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और सप्लाई को लेकर फैली अफवाहों के बाद राजधानी रांची के कई पेट्रोल पंपों पर शुक्रवार को अफरा-तफरी जैसे हालात देखने को मिले। शहर के हरमू स्थित दुलारी पंप, बिरसा चौक, कोकर समेत कई इलाकों में सुबह से ही वाहनों की लंबी कतार लगी रही। लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल-डीजल खरीदते नजर आए। कई लोग डब्बों में तेल भरवाते दिखे, जबकि कई वाहन चालकों ने अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल करवाईं। तीन अंकों में पहुंची कीमतः नई दरें लागू होने के बाद रांची में पेट्रोल की कीमत 97.86 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 100.86 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं डीजल 92.62 रुपये से बढ़कर 95.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। शुक्रवार सुबह से ही नई कीमतों पर बिक्री शुरू कर दी गई।

प्रशासन की अपील, अफवाहों पर ध्यान न देंः स्थिति को देखते हुए प्रशासन और पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लोगों से केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदने को कहा गया है।

मांग और सप्लाई में बड़ा अंतरः सूत्रों के मुताबिक रांची में रोजाना मांग और सप्लाई के बीच करीब एक लाख लीटर का अंतर बना हुआ है, जिसके कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर अतिरिक्त दबाव देखने को मिल रहा है। वहीं कई जगहों से निर्धारित दर से अधिक कीमत पर तेल बेचने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

आम लोगों की बढ़ी चिंताः ईंधन की कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ने वाला है। खासकर रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोग और परिवहन व्यवसाय से जुड़े कारोबारी बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार का असरः पेट्रोलियम कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है, जिसका असर भारत समेत कई देशों में ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में बड़ा उछाल, आम जनता पर महंगाई की नई मार

**रांची में पेट्रोल 100.94 रुपये और डीजल 95.78 रुपये प्रति लीटर पहुंचा**

**रांची(गुलाम शाहिद):** महंगाई की मार झेल रही आम जनता को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नई दरें लागू होने के बाद राजधानी रांची में पेट्रोल की कीमत 100.94 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 95.78 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। ईंधन के बढ़ते दामों का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अचानक हुए इस इजाफे से वाहन चालकों के साथ-साथ परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों में भी चिंता बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि ईंधन महंगा होने से अब रोजमर्रा की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से खाद्य सामग्री, सब्जियों और अन्य जरूरी सामानों के दाम बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर के लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पहले से रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी से परेशान जनता अब पेट्रोल-डीजल के नए दामों से और दबाव महसूस कर रही है।

लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और टैक्स संरचना के कारण ईंधन दरों में वृद्धि देखने को मिल रही है। हालांकि आम उपभोक्ताओं को इससे राहत मिलती नहीं दिख रही है। ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर लोगों ने सरकार से जल्द राहत देने की मांग की है, ताकि बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों को कुछ राहत मिल सके।

# झारखंड में 17-18 मई को तेज आंधी और बारिश की चेतावनी

संवाददाता



**रांची:** झारखंड का मौसम लगातार बदल रहा है। आंधी-पानी के बीच राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर हो गया है। दोपहर बाद आंधी और बारिश से रात का तापमान गिर रहा है, लेकिन दिन होते ही तापमान में बढ़ोतरी हो जा रही है। मेदिनीनगर का तापमान जहां 44 डिग्री पहुंच गया है। वहीं, रांची का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री, जमशेदपुर का 36 डिग्री, बोकारो का 36.5 डिग्री और चाईबासा का 36.5 डिग्री सेल्सियस हो गया है। वहीं, रांची का न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 15–16 मई का मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक, 15 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उससे सटे उत्तरी भागों को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, 16 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग पलामू और गढ़वा को छोड़कर शेष क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। पलामू और गढ़वा को छोड़ कर राज्य के लगभग सभी जिलों में 15 और 16 मई को तेज हवा और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से सचेत रहने की अपील की है।

### 17– 18 मई का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 17 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों (धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़ एवं रांची) में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान तथा 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों (गुमला और खूंटी) में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 18 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों (कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, रांची एवं धनबाद) तथा उत्तर-पश्चिमी भाग (चतरा) में कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान और 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# मेधा डेयरी का दूध, दही और पनीर हुआ महंगा, कल से प्रभावी होंगी कीमतें

संवाददाता



**रांची:** मदर डेयरी और अमूल के बाद मेधा डेयरी ने भी अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं। नई कीमत शनिवार से लागू होगी। मेधा ने दूध, दही और पनीर के दामों में बढ़ोत्तरी की है। एक लीटर डबल टोंड मिल्क 50 से बढ़ कर 52 रुपये प्रति लीटर, आधा लीटर 25 से बढ़ कर 26 रुपये, छह लीटर टोंड मिल्क 312 से बढ़ कर 324 रुपये, एक लीटर 54 से बढ़ कर 56 रुपये और आधा लीटर 27 रुपये से बढ़ कर 28 रुपये हो गया है। जबकि, आधा लीटर काउ मिल्क 28 से बढ़ कर 29 रुपये, एक लीटर शक्ति 60 से बढ़ कर 62 रुपये, आधा लीटर 30 से बढ़ कर 31 रुपये, एक लीटर शक्ति स्पेशल 60 से बढ़ कर 62 रुपये और आधा लीटर 31 से बढ़ कर 32 रुपये कर दिया गया है। वहीं, छह लीटर का फुल क्रीम गोल्ड दूध 378 रुपये की जगह 396 रुपये और आधा लीटर गोल्ड दूध 33 रुपये की जगह 34 रुपये में मिलेंगे।

### 200 ग्राम पनीर में पांच रुपए की बढ़ोत्तरी

वहीं, दूध के साथ-साथ पनीर और दही के दामों में भी बढ़ोत्तरी की गई है। एक किलो ब्लॉक पनीर 400 रुपये की जगह 420 रुपये, 500 ग्राम पनीर 205 की जगह 215 रुपये और 200 ग्राम का पनीर अब 85 रुपये की जगह 90 रुपये में मिलेंगे।

दही के भी दाम बढ़े : 200 ग्राम पाउच दही 18 की जगह 20 रुपये, 400 ग्राम पाउच दही 34 की जगह 35 रुपये और एक किलो पाउच दही 72 की जगह 75 रुपये में मिलेंगा।

## झारखंड समेत देशभर में बर्जर पेंट्स की बिक्री और मुनाफा बढ़ा

**रांची:** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बेहतर नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी के अनुसार परिचालन आय 2868 करोड़ रुपये रही, जबकि शुद्ध लाभ 27.5 प्रतिशत बढ़कर 335.3 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने बताया कि वॉटरप्रूफिंग और कंस्ट्रक्शन केमिकल्स क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि हुई है। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 4 रुपये लाभांश देने की सिफारिश की है।

वन्यजीव तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

# रांची के नटराज होटल में छापेमारी बीजेपी नेता समेत तीन गिरफ्तार

(गुलाम शाहिद)





**रांची:** वन्यजीव तस्करी के खिलाफ रांची पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेन रोड स्थित नटराज होटल में छापेमारी कर मॉनिटर लिजार्ड के 30 हत्था जोड़ी बरामद किए हैं। इस मामले में बीजेपी नेता राजीव रंजन मिश्रा, उनके बेटे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और पुलिस की टीम ने होटल में संयुक्त छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम को भारी मात्रा में प्रतिबंधित वन्यजीव सामग्री बरामद हुई। जांच में यह सामने आया कि मॉनिटर लिजार्ड से जुड़े अवैध कारोबार का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मॉनिटर लिजार्ड वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित प्रजाति है और इसके अंगों की खरीद-बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है। बरामद सामग्री को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में बीजेपी नेता राजीव रंजन मिश्रा, उनका बेटा और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सभी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद वन्यजीव तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क की भी जांच तेज कर दी गई है। पुलिस और वन विभाग का कहना है कि अवैध वन्यजीव कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# लालपुर पुलिस की गुंडागर्दी, बेवजह बच्चे पर बरसाती रही लाठियां



- वजह पूछने पर दे रही थीं गालियां

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के लालपुर थाने की पुलिस के गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। एक बच्चे की पुलिस बेरहमी से लाठी और लात से पिटाई कर रही है। बच्चे पिटाई की वजह पूछता रहा लेकिन पुलिस बेरहमी से पिटती रही। पुलिस की पिटाई के बाद बच्चा इतना लहुलुहान हो गया कि उसे इलाज के लिए अस्पताल में इलाज कराना पड़ा।

दरअसल यह मामला बारह मई की शाम का है। लालपुर इलाके में पुलिस की एक लड़के के साथ बहस हो रही थी। उसी समय पीड़ित बच्चा अपना मोबाइल निकाल कर वीडियो बनाने लगा। जिससे पुलिस का इगो हर्ट हो गया। उसके बाद वीडियो बना रहे बच्चे के साथ पुलिस ने क्रुरता की सारी हदें पार कर दी।

यह मारपीट लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई है। यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जिसमें थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह टी शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। थानेदार के बॉडीगार्ड और ड्राइवर ने सारी की सारी मयार्दा को लांगते हुए लाठियां और लात से बच्चे को लहुलुहान कर दिया।

रांची के सार्जेंट मेजर से बॉडीगर्ड और ड्राइवर का नाम पूछने के लिए कई बार संपर्क साधने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल नहीं उठाया।

**नागवंशी राजपरिवार की बेटी सुमन शाहदेव ने 12वीं में 97.2 प्रतिशत अंक लाकर समाज को किया गौरांवित**

# समाज की ऐसी बेटी के प्रदर्शन से गौरव महसूस होता है: प्रेम प्रकाश

- आईएएस बनना चाहती है सुमन

मेट्रो रेज

रांचीः सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टेंडर हर्ट स्कूल की छात्रा एवं बालसिरिंग निवासी लाल बालेश्वर नाथ शाहदेव की पोती सुमन शाहदेव ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता- पिता, समाज,गांव और स्कूल का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता से पूरा गांव और नागवंशी राजपरिवार के सदस्य गौरव महसूस कर रहे हैं। सुमन को इतिहास में 98% फाइन आर्ट्स में 100% संस्कृत में 97% और साइकोलॉजी में 93 % अंक मिला है।



आज रांची जिला क्षत्रिय समाज के अगुवा सह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश लाल नाथ शाहदेव,लाल आशीष नाथ शाहदेव,लाल सूरज नाथ शाहदेव सुमन शाहदेव के घर जाकर उसे गुलदस्ता और उपहार देकर सम्मानित किए। सुमन शाहदेव के पिता देवकुमार शाहदेव माता प्रतिमा शाहदेव का देहांत कुछ वर्ष पहले ही हो चुका था। माता पिता के देहात होने के बाद सुमन के सामने दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा था।इतनी दुःख सहने के बाउजूद भी सुमन शाहदेव कभी टूटी नहीं और दुख के पहाड़ के सामने कभी झुकी नहीं और अपनी करियर को लेकर दृढ़ निश्चयी रही।

सुमन ने बताया कि माता पिता के देहांत के बाद उनका देखभाल उन्ही की घर मे पली बढ़ी पुरुलिया जिला नवागढ़ की टुनि दास ने एक माँ बनकर की। सुमन को घर का कोई काम करने नहीं देती थी। सुमन का काम सिर्फ पढ़ना था। सुमन रात में पढ़ना ज्यादा पसंद करती थी क्यों रात में कोई शोर शराबा नही होता था । रात दो तीन बजे तक पढ़ाई करती थी। सुमन का सपना है यूपीएससी की तैयारी कर एक आईएएस बनकर माता पिता और समाज का नाम रोशन करना।


## ई–प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा (द्वितीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– DWSD/GIR/09/2026-27 दिनांक:– 12.05.2026

| S.N. | Name of the work | Name of Group | No. of T/W | Estimated Cost (in Lac) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Revival of Defunct IM II Hand Pumps by Changing of 32 mm. Dia. Rotten Riser Pipe,Connecting Rod, C.I Cylinder (wherever required) etc. in Rural Area within the jurisdiction of D.W&S. Division No.-01, Giridih for the year 2026-27 on Turn -Key basis (Under State Fund). | GIR-7 | 56 | 8.24789 | 16500 | 1250 | 30 Days |
| 2 | | GIR-9 | 51 | 7.51147 | 15100 | 1250 | 30 Days |
| 3 | | GIR-10 | 50 | 7.36419 | 14800 | 1250 | 30 Days |
| 4 | | GIR-12 | 50 | 7.36419 | 14800 | 1250 | 30 Days |
| 5 | | GIR-13 | 50 | 7.36419 | 14800 | 1250 | 30 Days |
| 6 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | | | | 14-05-2026 at 5:00 PM | | |
| 7 | Last Date & Time for Receipt of Bid. (Online) | | | | 21-05-2026 up to 5:00 PM | | |
| 8 | Cost of tender Paper and Earnest Money Depo sit on submission of bids (if applicable) as per mentioned in Annexure - 1 vide letter No - 120 dt 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e - Governance Government of Jharkhand. | | | | 21-05-2026 up to 5:00 PM | | |
| 9 | Date & Time of Opening of Tender | | | | 22-05-2026 up to 5:00 PM | | |
| 10 | Name & Address of Office inviting tender | | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division No.-1, Giridih | | |
| 11 | Contact No. of Procurement Office | | | | 9304367422 | | |
| 12 | Helpline No. of e-procurement cell | | | | 0651-248045 | | |

Note:-

- No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated Cost may be increase or decrease.

Executive Engineer,
D.W.& S.Div. No.-1, Giridih

PR 379805 Drinking Water and Sanitation(26-27)D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत अंतर संचालन क्षमता को मजबूती

महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों और व्यापारिक रास्तों से लेकर आपदा प्रतिक्रिया तक, हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता के केंद्र में है। अमेरिका को इस विशाल क्षेत्र में सैन्य संचालन के लिए निरंतर तैयारी, मजबूत समन्वय और टकराव वाले माहौल में तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता आवश्यक है।

पैसिफिक एयर फोर्सेस (पीएसीएएफ) अमेरिकी वायु सेना की प्रमुख कमांड है जिसका मुख्यालय हवाई स्थित हिकम एयरफोर्स बेस है और यू.एस. इंडो-पैसिफिक कमांड (यूएसइंडोपैकम) का वायु घटक है। इसका मुख्य उद्देश्य हमले रोकना और स्वतंत्र तथा खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना है। यह मिशन ह्लशक्ति के माध्यम से शांतिह्व की रणनीति के जरिए पूरा किया जाता है, जो विश्वसनीय, युद्ध के लिए तैयार वायु शक्ति और मजबूत गठबंधनों व साझेदारियों पर आधारित है।

इन प्रयासों में भारत महत्वपूर्ण भागीदार है क्योंकि अमेरिका और भारत सैन्य अभ्यासों, योजना और ऑपरेशन समन्वय के माध्यम से सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। द्विपक्षीय रक्षा व्यापार और भारत के साथ संयुक्त प्रशिक्षण ने इस बढ़ती अंतर-संचालनता में सीधे योगदान दिया है। पीएसीएएफ के कमांडर जनरल केविन श्नाइडर बताते हैं कि ह्लभारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा व्यापार में वृद्धि के साथ इंटर ऑपरेबिलिटी भी बढ़ी है और हमारी साझेदारी का महत्व लगातार बढ़ रहा है, विशेषकर तब जब हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक जटिल और गतिशील सुरक्षा वातावरण का सामना कर रहे हैं। जैसे-जैसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र बहुआयामी भू-राजनीतिक वातावरण का सामना कर रहा है, विवादित क्षेत्रों में कमांड एवं नियंत्रण तथा लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना प्राथमिकता बन गया है। इसे संबोधित करने के लिए परिचालन दृष्टिकोण को एजाइल कॉम्बैट एम्प्लॉयमेंट के माध्यम से अनुकूलित किया जा रहा है, जो बलों के विकेंद्रीकरण, अस्तित्व बचाए रखने की क्षमता बढ़ाने और लंबी दूरी पर संचालन गति बनाए रखने पर केंद्रित है। इसमें सामग्री को पहले से तैनात करना और छोटे, बिखरे हुए स्थानों के नेटवर्क से संचालन करना शामिल है, ताकि गति और पैमाने पर संचालन संभव हो सके।

भारतीय वायुसेना जैसे साझेदारों के साथ जुड़ाव इस अनुकूलनशील दृष्टिकोण का समर्थन करता है, जिसमें मजबूत साझेदार एकीकरण, अधिक जानकारी साझा करना और इंटर ऑपरेबिलिटी का परीक्षण शामिल है। अभ्यासों को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वे युद्ध और संकट प्रतिक्रिया की अवधारणाओं को सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर परखें, सुधारें और उन्हें एक एकीकृत बल के रूप में संचालित होने में सक्षम बनाएं। यह संबंध वर्षों में काफी परिपक्व हुआ है। श्नाइडर कहते हैं, ह्लसाथ मिलकर काम करने की हमारी क्षमता बुनियादी समन्वय से विकसित होकर जटिल परिस्थितियों में उच्च स्तरीय इंटरऑपरेबिलिटी तक पहुंच गई है। गतिशीलता और त्वरित अनुकूलन का यह दृष्टिकोण हाल ही में बड़े पैमाने के रेजोल्यूट फोर्स पैसिफिक (रेफोरपैक) अभ्यास में परखा गया, जिसमें 400 से अधिक विमान और 12,000 से अधिक कर्मियों ने 50 स्थानों पर भाग लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संचालन की क्षमता का प्रदर्शन किया। इसी तरह, भारत के साथ टाइगर ट्रायम्फ जैसे सहयोगी अभ्यास विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, मानवीय सहायता और कठिन परिस्थितियों में आपदा राहत के लिए संयुक्त क्षमताओं के विकास पर केंद्रित हैं। वायु संचालन अब तेजी से साइबर और अंतरिक्ष क्षमताओं से जुड़ रहे हैं। अमेरिका सहयोगियों और साझेदारों के साथ प्रशिक्षण, अभ्यास और योजना के माध्यम से इन क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों का सामना करते हुए संचालन एकीकरण को गहरा कर रहा है। सभी साझेदारियों में लक्ष्य निर्बाध संचालन हासिल करना है। यह महत्वाकांक्षा व्यापक अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी को दशार्ती है, जिसमें सूचना साझाकरण, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग और इन महत्वपूर्ण नए क्षेत्रों में गहरा सहयोग शामिल है। रणनीतिक वायु गतिशीलता हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विशाल विस्तार में सुरक्षा संचालन और मानवीय प्रतिक्रिया दोनों के समर्थन के लिए केंद्रीय बनी हुई है। हाल के अभ्यासों में सिद्ध हुआ है कि सैकड़ों विमानों और हजारों कर्मियों की तैनाती की क्षमता त्वरित प्रतिक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दृष्टिकोण इस मान्यता को भी दशार्ता है कि सहयोगियों और साझेदारों का नेटवर्क अमेरिका की सबसे बड़ी रणनीतिक संपत्तियों में से एक है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है। क्वाड (जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं) महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर ऐसे सहयोग के लिए प्रमुख तंत्र के रूप में कार्य करता है, जिससे भारत जैसे साझेदार विकसित होते संचालन परिदृश्य में एकीकृत हो सकें। आगे देखते हुए, सबसे बड़े अवसर रणनीतिक साझेदारियों को और मजबूत करने में निहित हैं, ताकि द्विपक्षीय और क्षेत्रीय समूहों जैसे क्वाड के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सके। भविष्य का सहयोग उभरते क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय सुरक्षा पर केंद्रित रहने की उम्मीद है क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक समन्वय लगातार मजबूत हो रहा है। श्नाइडर कहते हैं, ह्लएक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नींव हमारे रणनीतिक संबंधों की मजबूती पर टिकी है। भारत में, हमारे पास एक ऐसा साझेदार है जिसके साझा मूल्य और दृष्टिकोण क्षेत्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे संयुक्त संकल्प को सुनिश्चित करते हैं।

# पीएम मोदी की अपील पर राहुल-अखिलेश की नकारात्मक राजनीति !

वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने की शोध पर काम कर रहा है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा कर रखी है। भारत जैसा देश, जोकि विश्व की विशाल जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, स्वभाविक है कि अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, स्वाभाविक रूप से इस संकट से प्रभावित है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने, अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की है तो इसमें अनुचित क्या है?

यह अपील न तो किसी भय का संकेत थी और न ही किसी आपातकाल की घोषणा, बल्कि आर्थिक अनुशासन और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का संदेश है, किंतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे सरकार की विफलता बताकर राजनीतिक हमला शुरू कर दिया है। सवाल यह है कि क्या हर राष्ट्रीय चुनौती को राजनीति के चश्मे से देखना उचित है? क्या राष्ट्रहित में की गई अपील का मजाक उड़ाना जिम्मेदार विपक्ष की पहचान है? आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, वह सामान्य परिस्थितियां नहीं हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक सप्लाई चेन पहले ही प्रभावित थी। अब पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने कच्चे तेल की आपूर्ति पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति गुजरती है। इस मार्ग में आई बाधा ने तेल की कीमतों में विस्फोटक वृद्धि कर दी है। जिसमें कि भारत लगभग 40 प्रतिशत कच्चा तेल और करीब 90 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। अब ऐसी स्थिति में यदि सरकार जनता से ऊर्जा संरक्षण की अपील करती है तो यह उसकी दूरदर्शिता ही है, न कि विफलता।

वस्तुतः दुनिया के अधिकांश देश अपने नागरिकों से ऐसे समय में संयम और सहयोग की अपेक्षा करते हैं। जापान, जर्मनी और कई यूरोपीय देशों में ऊर्जा संकट के दौरान नागरिकों ने स्वेच्छा से बिजली और ईंधन की बचत की थी। वहां इसे राष्ट्रहित माना गया, लेकिन भारत में विपक्ष इसे राजनीतिक हथियार बनाने में जुट गया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से कहा कि पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करें, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन अपनाएं, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दें, वर्क फ्रॉम होम और वर्चुअल मीटिंग्स को प्राथमिकता दें तथा सोने की अनावश्यक खरीद से बचें। इनमें ऐसा क्या है जिसे राष्ट्रविरोधी या जनविरोधी कहा जाए?

असल में यह अपील तीन स्तरों पर महत्वपूर्ण है, एक- विदेशी मुद्रा की बचत के संदर्भ में। भारत का व्यापार घाटा मुख्य रूप से तेल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स के आयात से बढ़ता है। सिर्फ सोने के आयात पर ही हर साल अरबों डॉलर खर्च होते हैं। दो- ऊर्जा सुरक्षा के लिए। तेल की कीमत बढ़ने का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन महंगा होता है, उद्योगों की लागत बढ़ती है और अंततः आम जनता प्रभावित होती है।

तीसरा इसका मुख्यकारण देश की आत्मनिर्भरता की दिशा तय करना है। क्योंकि ह्ववोकल फॉर लोकलह्व, इलेक्ट्रिक वाहन, सार्वजनिक परिवहन और डिजिटल कार्य संस्कृति- ये सभी दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री की अपील वर्तमान संकट से निकलने के लिए ही नहीं दिखती, यह तो भारत के हित में भविष्य की तैयारी भी है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की अपील को ह्लसरकार की नाकामीह्व बताते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना विफल शासन का प्रमाण है, किंतु कहना होगा कि यह तर्क बेहद सतही है। क्योंकि कोई भी राष्ट्र सिर्फ सरकार से नहीं चलता, नागरिकों की भागीदारी उसमें बराबर की चाहिए रहती है। वस्तुतः राहुल गांधी की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यही है कि वे हर राष्ट्रीय मुद्दे में विरोध का अवसर खोजते हैं। चाहे सेना का मनोबल हो, विदेश नीति हो, वैक्सीन अभियान हो या आर्थिक अनुशासन, आप देखेंगे कि वे हर जगह नकारात्मकता उनकी राजनीति का आधार बनती हुई दिखी है।विडंबना यह है कि जिन देशों की आर्थिक नीतियों की कांग्रेस अक्सर प्रशंसा करती है, वहां नागरिक अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। अमेरिका और यूरोप में ऊर्जा संकट के दौरान सरकारों ने हीटिंग कम करने, सार्वजनिक परिवहन बढ़ाने और ईंधन बचाने की अपील की थी। तब उसे जिम्मेदार नेतृत्व कहा गया था।राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मोदी सरकार की आलोचना में शामिल दिखाई दे रहे हैं। यह वही राजनीति है जिसमें राष्ट्रीय संकट भी राजनीतिक अवसर बन जाता है। अखिलेश यादव लगातार भाजपा विरोध की राजनीति में इतने आगे बढ़ चुके हैं कि उन्हें हर सरकारी पहल में खामी ही दिखाई देती है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें यह समझ नहीं कि तेल की कीमतों का असर किसानों, परिवहन और रोजमर्रा की वस्तुओं पर कितना व्यापक पड़ता है? यदि सरकार पहले से लोगों को जागरूक कर रही है और विकल्प सुझा रही है तो इसमें गलत क्या है?

विपक्ष का दायित्व केवल आलोचना करना नहीं होता, बल्कि संकट के समय सकारात्मक सहयोग देना भी होता है। दुर्भाग्य से आज का विपक्ष राष्ट्रहित से अधिक राजनीतिक लाभ-हानि पर केंद्रित दिखाई देता है। दूसरी ओर विपक्ष जिस प्रकार यह चित्र प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है कि देश में ईंधन संकट खड़ा हो गया है, वह वास्तविकता से दूर है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में कच्चे तेल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। किसी पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी से कमी की सूचना नहीं मिली है।

सरकार ने रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। तेल विपणन कंपनियां वैश्विक कीमतें बढ़ने के बावजूद घरेलू बाजार में कीमतें स्थिर रखने का प्रयास कर रही हैं। कंपनियां प्रतिदिन भारी आर्थिक दबाव झेल रही हैं ताकि आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। यानी सरकार अपील ही नहीं कर रही, वह संकट से निपटने के लिए ठोस कदम भी उठा रही

कहना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश मूलतः ह्लसाझी जिम्मेदारीह्व का संदेश है। पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री मोदी की अपील आर्थिक अनुशासन, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक जिम्मेदार पहल है। इसमें न तो भय फैलाने की कोशिश है और न ही जनता पर बोझ डालने का प्रयास। यह एक ऐसी चेतावनी है जो भविष्य की चुनौतियों के प्रति देश को तैयार करने का प्रयास करती है।इसके विपरीत राहुल गांधी और अखिलेश यादव का रवैया राजनीतिक अवसरवाद अधिक प्रतीत होता है। उन्होंने न तो कोई वैकल्पिक समाधान दिया और न ही संकट की गंभीरता को स्वीकार किया। अच्छा हो कि राजनीतिक दल कम से कम राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों पर परिपक्वता दिखाएं। यदि देश की ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक स्थिरता मजबूत रहती है तो उसका लाभ हर नागरिक को मिलेगा, चाहे वह किसी भी विचारधारा का समर्थक क्यों न हो।प्रधानमंत्री मोदी की अपील को राजनीति के बजाय राष्ट्रहित के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।

# एनसीआरबी के आंकड़े और हमारे बच्चों से जुड़ी ये सच्चाई!

आज देश के अधिकांश शहरों में सुबह का दृश्य लगभग एक जैसा होता है। दूध निकालने के बाद पशुपालक अपनी गायों को खुला छोड़ देते हैं। ये पशु फिर गलियों, बाजारों और कूड़े के ढेरों में भोजन तलाशते घूमते रहते हैं। सड़ी सब्जियाँ, प्लास्टिक की थैलियाँ, मेडिकल वेस्ट और जहरीला कचरा इनके पेट में जाता है। धीरे-धीरे यही जहर उनकी मौत का कारण बनता है।

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

देश में बढ़ती छात्र आत्महत्याएं हमारे सामने वर्तमान दौर की उस सामाजिक और शैक्षिक व्यवस्था का आईना है, जिसमें बचपन धीरे-धीरे दबाव, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के नीचे दम तोड़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ठउफइ) के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 छात्रों ने आत्महत्या की हैं। यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। इसमें सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि एक ओर देश में कुल आत्महत्या के मामलों में गिरावट दर्ज हुई है, वहीं छात्रों की आत्महत्या लगातार बढ़ती हुई दिखाई देती है। ऐसे में यह स्थिति स्पष्ट संकेत दे रही है कि हमारे बच्चे शिक्षा के अतिरिक्त बोझ के नीचे मानसिक रूप से टूट रहे हैं।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि आत्महत्या करने वाले छात्रों में बड़ी संख्या कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों की है। यह वह आयु है, जब बच्चों को सबसे अधिक भावनात्मक सहारे, संवाद और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, किंतु दुर्भाग्य से इस दौर में उन पर करियर चुनने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और ह्लसफलह्व बनने का भारी दबाव डाल दिया जाता है।

वर्ष 2015 में छात्र आत्महत्या के 8,934 मामले थे, जो 2024 में बढ़कर 14,488 हो गए। यानी एक दशक में 62 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का होना निश्चित ही हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए! क्योंकि सामने आए साक्ष्य के आधार पर स्पष्ट होता है कि प्रतिदिन औसतन लगभग 35 छात्र अपनी जीवन यात्रा को समाप्त कर रहे हैं। यहां विचार करनेवाली बात यह भी है कि क्या यह अकेले बच्चों की असफलता है? या समाज, परिवार और शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है?

आज शिक्षा का अर्थ ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व विकास न होकर ऐसा लगता है, जैसे कि प्रतियोगिता, रैंक, पैकेज और प्रतिष्ठा का पर्याय बन चुका है। बच्चों के कंधों पर इतना भारी बोझ डाल दिया गया है कि वे अपनी उम्र के सहज आनंद, खेल, जिज्ञासा और रचनात्मकता से दूर होते जा रहे हैं। विद्यालयों के बाद कोचिंग संस्थानों का दबाव, परीक्षा का भय, करियर की अनिश्चितता और अभिभावकों की अपेक्षाएं मिलकर बच्चों को मानसिक रूप से थका रही हैं।

बच्चों के सामने भावनात्मक अकेलेपन का संकट भी उभरकर सामने आया है। यही कारण है कि अनेक छात्र अवसाद, चिंता, बाइपोलर डिसऑर्डर और भावनात्मक तनाव से जूझ रहे हैं, किंतु दुखद है कि समय रहते उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान तक नहीं हो पाती है! यदि बच्चा उदास है, चिड़चिड़ा है या अकेला रहने लगा है, तो इसे ह्लजिदह्व या ह्लकमजोरीह्व मान लिया जाता है। हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता।

दूसरी ओर सच यह भी है कि बच्चा सबसे अधिक भय ह्लअसफलह्व कहलाने से महसूस करता है। उसे यह समझाया ही नहीं जाता कि जीवन में सफलता के अनेक रास्ते होते हैं। विद्यालयों और घरों में बच्चों को बार-बार तुलना का सामना करना पड़ता है। धीरे-धीरे बच्चा स्वयं को अंक और उपलब्धियों से मापने लगता है। जब अपेक्षाओं और वास्तविकता के बीच दूरी बढ़ती है, तब वह भीतर से टूटने लगता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि अभिभावक सबसे पहले यह समझें कि हर बच्चा अलग होता है। सभी बच्चों की क्षमता, रुचि और गति समान नहीं हो सकती। सफलता का अर्थ मेडिकल, इंजीनियरिंग या प्रशासनिक सेवा नहीं है। यदि बच्चा संगीत, खेल, कला, लेखन, डिजाइन, कृषि या किसी अन्य क्षेत्र में रुचि रखता है, तो उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक बच्चों के साथ समय बिताएं। सिर्फ स्कूल की फीस भर देना या अच्छे कोचिंग संस्थान में भेज देने से उनकी जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती है। बच्चों को सबसे अधिक जरूरत अपने माता-पिता के विश्वास, संवाद और भावनात्मक सहारे की होती है। यदि बच्चा डर, तनाव या असफलता की बात कह रहा है, तो उसे डांटने के बजाय सुने। विद्यालयों और शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना कि विद्यालय पढ़ाई का केंद्र है, किंतु यह भी सच है कि बच्चों के भावनात्मक विकास का भी वह एक स्थान है, इसलिए यह जरूरी है कि हर विद्यालय में प्रशिक्षित काउंसलर होने चाहिए। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाए कि वे बच्चों में तनाव और अवसाद के शुरूआती संकेत पहचान सकें। अनुशासन और परिणाम पर ध्यान देने के बजाय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दें।

इसके साथ ही समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है। आज समाज को यह स्वीकार करना होगा कि बच्चों की जिंदगी किसी परीक्षा या प्रतिशत से कहीं अधिक मूल्यवान है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चों को यह एहसास दिलाया जाए कि उनका जीवन किसी भी परीक्षा से बड़ा है। असफलता अंत नहीं होती। हार जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। कुल मिलाकर शिक्षा के अतिरिक्त बोझ से बच्चों को बाहर निकालने का अतिरिक्त श्रम स्कूल, अभिभावक, शिक्षक, समाज और व्यवस्था सभी को मिलकर आज करने की आवश्यकता है। तभी बच्चे किसी भी प्रकार के डर से बाहर निकल पाएंगे और एक नए आत्म-विश्वास में जी सकेंगे। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाले वर्षों में आंकड़े और भयावह हो सकते हैं। उम्मीद है, हम सभी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के सामने आए इन आंकड़ों पर गंभीर विचार अवश्य करेंगे और समाधान की दिशा में आगे आएंगे। कोई भी बच्चा आत्म-हत्या जैसा कदम न उठाए, हमारे सामूहिक प्रयास इसी दिशा में होने चाहिए ।

**(लेखिका मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष हैं।)**

# बाबा मंगला पर पैसों की तंगी और टेंशन होगी दूर, हनुमान जी को चढ़ाएं ये स्पेशल चीजें

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ मास में आने वाले बड़े मंगल का विशेष महत्व माना जाता है। आज 12 मई 2026 है और ज्येष्ठ माह का दूसरा 'बड़ा मंगल' है। आज का शुभ दिन संकटमोचन हनुमान की विशेष कृपा पाने का है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस महीने में हनुमान जी की मुलाकात प्रभु श्री राम से हुई थी। इस बार अधिक मास होने के कारण 8 बड़े मंगल का दुर्लभ संयोग बन रहा है।
आज आप हनुमान जी को अपनी समस्याओं के अनुसार 'गुप्त' रुप से इन चीजों को अर्पित कर सकते हैं। इससे



प्रसन्न होकर बजरंगबली आपके जीवन के सभी कष्ट हर लेंगे।

### मानसिक शांति और बाधा मुक्ति के लिए

क्या आपका बार-बार बनता हुआ काम बिगाड़ जाता है, तो आप बड़े मंगल के दिन यह छोटा-सा उपाय जादू की तरह काम करेगा। एक साबुत लौंग (फूल वाली) लें और उसे चुपचाप हनुमान जी के मंदिर में उनके चरणों में रख दें। माना जाता है कि लौंग चढ़ाने से कार्य में आ रही बाधा दूर हो जाती है और साधक को मानसिक शांति प्राप्त होती है।

### हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए

हनुमान जी को प्रसन्न करने का सबसे सरल उपाय है प्रभु श्री राम का नाम है। उन्हें तुलसी दल सबसे प्रिय है। ऐसे में बड़े मंगल के दिन 108 तुलसी के पत्ते लें आप चाहे तों 11, 21 या 51 भी ले सकते हैं। इन पंतों पर चंदन से 'राम' नाम लिखें और इनकी एक माला बनाकर हनुमान जी को पहना दें। इस उपाय को बिना किसी को बताए अर्पित करने वाली तुलसी माला का फल कई गुना बढ़ जाता है।

### डर और आलस्य को भगाने के लिए

यदि आपको अंदर से कमजोरी महसूस होती है या सुस्ती की वजह से आपके जरूरी काम अधूरे रह जाते हैं, तो बड़े मंगल के दिन यह आसान उपाय लाभकारी माना जाता है। दूसरे बड़े मंगल पर हनुमान मंदिर जाकर श्रद्धा से एक माचिस अर्पित करें। माचिस चढ़ाते समय भगवान से सच्चे मन से प्रार्थना करें कि वे आपके जीवन से भय, नकारात्मक सोच और आलस्य रूपी अंधकार को दूर करें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा का संचार होता है और कार्यों में तेजी व उत्साह बना रहता है।

### मान-सम्मान और धन वृद्धि के लिए

दूसरे बड़े मंगल के दिन बजरंगबली को पीला वस्त्र अर्पित करें। ऐसा करने से आपकी किस्मत के बंद दरवाजे खुल सकते हैं। आज के दिन आप हनुमान जी को पीले रंग का रुमाल या छोटा कपड़ा अर्पित कर सकते हैं। इस दिन गुप्त रुप से किया गया यह उपाय घर के क्लेश खत्म करेगा, बल्कि आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**

न्यूज IN ब्रीफ

## बाइक सवार दो बदमाश दुकान में की मारपीट थाना को दी सूचना

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एन एच 80 स्थित मां समुंद्रा पेट्रोल पंप के नजदीक मोटर पार्ट्स की दुकान में बाइक सवार दो अज्ञात युवक द्वारा बुधवार की रात मारपीट कर रुपए छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दुकानदार मो इब्बो ने बताया कि कुछ जरूरी काम से वह अपने पुत्र अमन को दुकान में रखकर गया हुआ था कि इसी बीच रात करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से दो यूवक आकर उनके पुत्र को फैंट मौका से मारपीट किया एवं उसके पुत्र के पॉकेट से दस हजार तीन सौ रुपए भी छीन कर जान मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।घटना की लिखित सूचना मुफस्सिल थाना को पीड़ित ने दी है।मामले में पुलिस छानबीन कर रही है

## कार्तिक आगे यूपीएससी करना चाहता है जिसकी तैयारी कर रहा है : भाई

फ ो ट ो
नवम्बर:0401 है।
कै प्शन:का र्तिक
कुमार राय ने 12

**साहिबगंज :** सीबीएसई 12वी परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित होने के साथ ही छात्र छात्राओं मे खुशी देखने को मिल रहा है।इधर झरना कॉलोनी स्टेडियम रोड की मुस्कान कुमारी ने 12 वीं कॉमर्स में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।वह आगे सीए बनना चाहती है।उसने अपनी सफलता का श्रेय पिता राजेन्द्र राम व माता ममता देवी एवं शिक्षिका प्रो।जुही केसरी को दिया है।वही स्थानीय नेताजी सुभाष कॉलोनी के रहने वाले मृणाल कांत व श्वेता राय का बेटा कार्तिक कुमार राय ने 12 वीं के कला में 76 प्रतिशत अंक लाया है।कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय माता,पिता,भाई और शिक्षक बीरू केसरी प्रो।जूही केसरी को दिया है।कार्तिक आगे यूपीएससी करना चाहता है जिसकी तैयारी कर रहा है।

## हजारीबाग में ऑक्सीजन नहीं मिलने पर महिला की मौत




**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज में लापरवाही का मामला सामने आया है। शिवपुरी निवासी मनजीत कुमार की पत्नी सरिता कुमारी, जो थैलेसीमिया से पीड़ित थीं को ऑक्सीजन देने में लापरवाही बरतने की वजह से उनकी मौत हो गई। पीड़िता की 7 साल की एक बेटी है।

दरअसल, थैलेसीमिया पीड़ित मरीज सरिता कुमारी रक्त चढ़वाने के लिए अस्पताल आई थी। उन्हें महिला वार्ड में भर्ती कराया गया था। इस दौरान उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो गया था। वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें ऑक्सीजन नहीं चढ़ाया। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई।

मृतक के पति मनजीत कुमार ने बताया कि वह अस्पताल में रक्त चढ़वाने के लिए आते रहते हैं। सुबह वह अपनी पत्नी को रक्त चढ़वाने के लिए लाए थे और उन्हें महिला वार्ड में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने एक्स-रे कराने की बात कही और उन्हें एक्स-रे कराने के लिए भेज दिया गया। उस वक्त महिला का ऑक्सीजन लेवल कम था। वो बार-बार कह रही थी कि सांस लेने में दिक्कत हो रही है लेकिन चिकित्सकों ने महिला की बात नहीं मानी और उन्हें ऐसे ही एक्स-रे कराने के लिए भेज दिया। उस दौरान महिला को रक्त भी नहीं चढ़ाया गया। एक्स-रे ले जाने के दौरान ही महिला की मौत हो गई। आनन फानन में उसे इमरजेंसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी पर होगी कार्रवाई

इमरजेंसी में सेवा दे रहे डॉक्टर ने बताया कि चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी की ओर से बड़ी लापरवाही हुई है। इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी स्वास्थ्य कर्मी की लापरवाही है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सक ने पीड़ित परिवार से आवेदन देने को कहा है। उन्होंने यह स्वीकार भी किया कि अस्पताल की ओर से बड़ी लापरवाही हुई है। इस लापरवाही की कोई माफी नहीं होनी चाहिए।

## रामगढ़ पुलिस की नई पहल प्रहरी लॉन्च, अब अड्डेबाजों की खैर नहीं

**रामगढ़ :** जिले में अपराध नियंत्रण, अड्डेबाजी रोकने, महिलाओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रामगढ़ के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने गुरुवार को प्रहरी नामक पहल की शुरूआत की। इस अभियान के तहत पूरे जिले में नियमित पैदल गश्ती, अड्डेबाजी के खिलाफ विशेष कार्रवाई और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

इस मौके पर एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने रामगढ़ शहर के प्रमुख इलाकों में पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के साथ पैदल मार्च किया। थाना चौक, सुभाष चौक, मेन रोड, बाजार क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थलों से गुजरते हुए उन्होंने आम लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों से संवाद किया और पुलिस की मौजूदगी को और प्रभावी बनाने का संदेश दिया।

एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा कि ॒प्रहरी॑ पहल का उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, पुलिस की दृश्यता बढ़ाना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाना, सड़क किनारे अवैध पार्किंग हटाना और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है। इस अभियान के तीन प्रमुख भाग होंगे पैदल गश्ती, अड्डेबाजी के विरुद्ध अभियान और एंटी क्राइम चेकिंग।

जिले में अब तक पैदल गश्ती के लिए 76 संवेदनशील मार्गों का चयन किया गया है। सभी थाना और ओपी प्रभारी सप्ताह में कम से कम दो दिन निर्धारित मार्गों पर पैदल गश्ती करेंगे। इसके अलावा जिलेभर में 114 अड्डेबाजी स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां नशाखोरी, असामाजिक गतिविधियों और अपराध की आशंका को देखते हुए लगातार छापेमारी की जाएगी।

यातायात नियमों के पालन और अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिले में 69 स्थलों पर प्रतिदिन कम से कम तीन बार एंटी क्राइम चेकिंग की जाएगी। इस दौरान रैश ड्राइविंग, संदिग्ध वाहनों और अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयास से ही रामगढ़ को सुरक्षित, व्यवस्थित और अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

रामगढ़ पुलिस ने आम जनता से इस अभियान में सहयोग की अपील की है। अड्डेबाजी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस के व्हाट्सएप नंबर 9262998529 पर दी जा सकती है।

# नशीले पदार्थों की बिक्री तस्करी नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के लिए औचक छापेमारी अभियान चलाएं : उपायुक्त

### जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर जीरो टॉलरेंस

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त- सह-ि जला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष मंव जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाना व मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री भंडारण परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना था। उपायुक्त ने पूर्व की बैठकों में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त द्वारा जनहित और युवाओं के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अवैध मादक पदार्थों, जैसे गांजा, अवैध कफ सिरप एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री तस्करी नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने हेतु सघन एवं औचक छापेमारी अभियान



चलाएं।औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे मेडिकल दुकानों की नियमित जांच सुनिश्चित करें ताकि बिना वैध चिकित्सकीय पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो सके।नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में बार-बार संलिप्त पाए जाने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग को ऐसे अभियुक्तों को चिह्नित कर पीआईटी - एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।उपायुक्त ने विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों के आसपास सतर्क निगरानी रखने औचक निरीक्षण करने तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों, +2 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापक सूचना शिक्षा एवं संचार गतिविधियां चलाने को कहा उपायुक्त ने युवाओं एवं स्कूली बच्चों को नशे की लत से सुरक्षित रखने हेतु शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया गया कि विद्यालय व महाविद्यालय परिसर के निर्धारित दायरे में आने वाले सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों से निर्धारित प्रपत्र में स्व-घोषणा पत्र भरवाया जाए कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं कर रहे हैं।जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों विशेषकर दियारा क्षेत्रों और फेरी सेवाओं के माध्यम से होने वाले संभावित अवैध परिवहन पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इसके लिए अनुमंडल प्रशासन को आसूचना तंत्र के आधार पर निरंतर औचक निरीक्षण करने को कहा गया।

शिक्षा विभाग को जिले के +2 उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में एल ओसीएएल आईएन एफयुइएनएस की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि युवाओं तक सकारात्मक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंच सके। साथ ही सार्वजनिक स्थलों एवं संस्थानों में एनएमबी के तहत क्यूआर कोड एवं ब्रांडिंग प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में अपर समाहर्ता, साहिबगंज, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज,राजमहल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज,राजमहल, सामान्य शाखा पदाधिकारी, औषधि निरीक्षक सहित अन्य संबंधित जिला एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : किरण माला

संवाददाता

**साहिबगंज :** भीएचएसएनडी दिवस पर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी, साहिबगंज डॉ0 किरण माला द्वारा साहिबगंज जिला अंतर्गत विभिन्न भीसीएचएसएनडी सत्र स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में तालबन्ना सत्र स्थल हबीबपुर पाइप रोड एवं बंगाली टोला साहिबगंज सहित अन्य सत्र स्थलों का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान कई सत्र स्थलों पर वजन मापने वाली मशीन बंद पाई गई। इस पर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा संबंधित कर्मियों को अविलंब बैटरी उपलब्ध कराने तथा तालबन्ना में खराब पड़े वजन मशीन को शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित वजन जांच बाधित न हो। साथ ही सभी एएनएम को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक भीएचएसएनडी सत्र पर आने वाले सभी लाभार्थियों का एबीएच कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाए एवं इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि



गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण हेतु अलग-अलग वैक्सीनेशन रजिस्टर संधारित किया जाए, ताकि टीकाकरण संबंधी अभिलेख सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रह सके तथा लाभार्थियों की ट्रैकिंग में सुविधा हो।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि भीसीएचएसएनडीक्षसत्रों का संचालन गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें एवं सरकार द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## गर्मी में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे चलाएगा दो स्पेशल ट्रेनें

**साहिबगंज :** गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है।03029 03030 हावड़ाझराजगीर स्पेशल यह ट्रेन 16 मई से 17 जून 2026 तक प्रतिदिन चलेगी। हावड़ा से रात 10:50 बजे खुलकर अगले दिन दोपहर 1:00 बजे राजगीर पहुंचेगी। वापसी में राजगीर से दोपहर 2:00 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 4:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव साहिबगंज बरहरवा पाकुड़ भागलपुर समेत कई स्टेशनों पर होगा। इसमें जनरल एवं स्लीपर कोच की सुविधा रहेगी।03011/03012 हावड़ाझ आनंद विहार स्पेशल यह स्पेशल ट्रेन 22 मई 2026 को हावड़ा से चलेगी तथा 25 मई को आनंद विहार से वापसी करेगी। ट्रेन का ठहराव बर्द्धमान, रामपुरहाट, दुमका और जसीडीह स्टेशनों पर होगा। इसमें भी जनरल एवं स्लीपर कोच उपलब्ध रहेंगे।रेलवे ने बताया कि इन स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

## अनियंत्रित हाइवा पलटने से खलासी की मौत



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** रांगा थाना क्षेत्र के कुसुमपोखर गांव के समीप गुरुवार की शाम लगभग 3:30 बजे डस्ट लोड हाईवा पलटने से खलासी की मौके पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के मुताबिक वाहन पत्थर खदान क्रशर से डस्ट लोड कर नीचे की ओर उतर रहा था इसी दौरान कुसुम पोखर गांव के समीप टर्निंग में उतरते वक्त हाईवा अनियंत्रित हो गया और पलटी मार गया। जिसकी चपेट में आकर हाईवा का खलासी कदमा गांव निवासी रियाज अंसारी उम्र-20 वर्ष पिता बसिरुद्दीन अंसारी साकिन-छोटा कदमा थाना-बरहेट की मौत हो गई। जबकि हाईवा का चालक मौके से फरार हो गया।मृतक का शव डस्ट में दब जाने के कारण काफी मसक्कत के बाद निकाली गई।इधर घटना की जानकारी मिलते ही रांगा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुँची।और शव को कब्जे में लेकर पतना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँची। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।तत्पश्चात पुलिस ने शव को विधिवत पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई।परिजनों ने बताया कि मृतक युवक पिछले छह महीने से खलासी का काम कर रहा था।जवान युवक की मौत से परिवार में मातम का माहौल है।

## रेलवे स्टेशन पर युवतियों से छेड़छाड़ करने वाले को भेजा जेल

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मंगलवार को दो युवतियों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। युवतियों के शोर मचाने पर लोगों ने दो युवकों को पकड़कर रेल थाना पुलिस के हवाले कर दिया।पीड़िता ने रेल थाना में आवेदन देकर चार युवकों पर छेड़छाड़, हाथ पकड़ने, मोबाइल छीनने की कोशिश और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद स्टेशन परिसर में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।थाना प्रभारी जीआरपी कैलाश कुमार महतो ने बताया कि मामले में कांड संख्या 15/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।जहां एक बालिग युवक को जेल भेज दिया गया। जबकि नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह दुमका भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## आज भी सभी का प्यार पहले जैसा ही है : आलमगीर

### कांग्रेसी नेता पूर्व मंत्री आलमगीर आलम दो साल बाद जेल से बाहर आए

संवाददाता

**साहिबगंज :** सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद गुरुवार को बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा से कांग्रेसी नेता पूर्व मंत्री आलमगीर आलम दो साल बाद जेल से बाहर आए।इस दौरान आलमगीर के स्वागत में जेल से लेकर उनके आवास तक जश्न का माहौल दिखा।बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जेल के गेट पर स्वागत में दिखे तो घर पहुँचने पर जमकर



आतिशबाजी हुई।वही साहिबगंज जिला से कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान अशोक दास,रंजीत टुडू, एखलाक नदीम, नदीम अंजुम, नेहाल अख्तर,सद्दाम हुसैन सहित सैंकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता रांची पहुंच कर आलमगीर के स्वागत में जश्न में दिखे जेल के बाहर से लेकर पूर्व मंत्री के आवास तक जश्न मना सभी समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया।साथ ही पूर्व मंत्री के स्वागत में उनके घर को भी फूल से सजाया गया।घर के बाहर सहित रांची शहर मे जगह जगह बड़े बड़े होर्डिंग और बैनर लगाए गए।वही जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से बातचीत मे कहा कि कोर्ट ने जो आदेश दिया है उसका सम्मान करते है।उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।पूर्व मंत्री ने कहा कि इतने दिन वह लोगों से दूर रहे लेकिन आज भी सभी का प्यार पहले जैसा ही है।उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि अब जनता के बीच रहेंगे.लंबे समय तक उनसे दूर रहे है।

# 11वें दिन भी जारी रहा शेरशाहबादी समाज का महाधरना सांसद प्रतिनिधि ने दिया समर्थन

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रहा। लगातार 11 दिनों से चल रहे इस आंदोलन में समाज के लोगों का उत्साह और सहभागिता लगातार बढ़ती जा रही है।धरनास्थल पर आज भी बड़ी संख्या में छात्र,युवा और बुजुर्ग मौजूद रहे।आंदोलन के 11वें दिन राजमहल सांसद प्रतिनिधि एवं झामुमो नेता अब्दुल कादिर धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया।धरना को संबोधित करते हुए अब्दुल कादिर ने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जिले में लाखों की संख्या में शेरशाहबादी समुदाय के लोग निवास करते हैं। वर्ष 2012 तक इस समुदाय को नियमित रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता था,लेकिन बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के इसे




बंद कर दिया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि एक सोची-समझी साजिश के तहत समुदाय को उसके अधिकार से वंचित किया गया है।उन्होंने कहा,॒आज शेरशाहबादी समाज के छात्र और युवा अपने अधिकार के लिए मैदान में उतर चुके हैं।इतिहास गवाह है कि जब-जब छात्र और युवाओं ने संघर्ष किया है,तब-तब सरकार और प्रशासन को झुकना पड़ा है।इस बार भी प्रशासन को समुदाय के हक और अधिकार के सामने झुकना होगा।॑अब्दुल कादिर ने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे इस लड़ाई में पहले भी समाज के साथ थे और आगे भी मजबूती से साथ खड़े रहेंगे।उन्होंने कहा कि शेरशाहबादी समाज के अधिकार की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी।धरनास्थल पर आंदोलनकारियों ने ॒हमारा हक हमें दो शेरशाहबादी समाज के साथ अन्याय बंद करो जाति प्रमाण पत्र जारी करो जैसे नारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया।संगठन के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।मौके पर मो. इश्तियाक,मो.आजमाइल,मसूद आलम, वसीम अख्तर,फारुक आलम, महफूज आलम,सलमान ताहिर,नदीम अख्तर, आमिर हमजा,वसीम अकरम,तैय्यब शेख,तोफाइल शेख,मुस्तकीम शेख, मोसब्बर आलम,परवेज आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग, छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।



# उल्टे होकर शिल्पा ने बताए योग के फायदे

## • साथ ही स्लिप डिस्क और बीपी के मरीजों को दी चेतावनी


**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की उन डीवास में शुमार है, जो अपनी सेहत को लेकर काफी जागरुक रहती हैं। उन्होंने सोमवार को योग करने के साथ-साथ महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शिल्पा उल्टा योगा पोज करती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री बहुत ही बारीकी और कंट्रोल के साथ यह पोज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के जरिए उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने पीरियड्स के दौरान कुछ खास एक्सरसाइज और उल्टे पोज करने से बचना चाहिए। शिल्पा ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'हर योग मुद्रा आपको शरीर और मन दोनों से मजबूत और लचीला बनाता है। उन्होंने पोज के फायदे बताते हुए लिखा, 'इसके नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार बेहतर होता है, थायरॉइड और पैराथायरॉइड ग्रंथियां सक्रिय होती हैं। साथ ही, तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है। पाचन बेहतर होता है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है। गर्दन, कंधे और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में योगासन के फायदे बताने के बाद इससे जुड़ी सावधानियों पर बताई। उन्होंने लिखा, 'अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, ग्लूकोमा, गर्दन दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या है, तो यह आसन न करें। महिलाएं मासिक धर्म के दौरान इस आसन से बचें। आयुष मंत्रालय के सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार, 'उल्टा योगा पोज' या इनवर्जन के अंतर्गत मुख्य रूप से सर्वांगासन और विपरीतकरणी को शामिल किया जाता है।

32 साल बाद वहीं पहुंचे अनुपम खेर

# जहां शूट हुआ था 'डीडीएलजे' का 'जा सिमरन जा...' वाला फेमस सीन



**अनुपम** खेर ने डीडीएलजे के वायरल सीन 'जा सिमरन जा जी ले अपनी जिंदगी' को याद किया। अभिनेता उसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां यह फिल्माया गया था। अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की।



## 32 साल बाद फिर वहीं शूटिंग करने पहुंचे अनुपम खेर

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था। यहां फिल्म का लास्ट 'जा सिमरन जा जी ले अपनी जिंदी' वाला आइकॉनिक सीन शूट हुआ था। जिसके बाद सिमरन (काजोल) प्लेटफॉर्म पर दौड़ते हुए राज (शाहरुख खान) का हाथ पकड़कर ट्रेन पर चढ़ती है। इसके साथ अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा '32 साल बाद उसी जगह पर शूटिंग करना एक बेहद भावुक और यादगार अनुभव था, जहां हमने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का राज और सिमरन का मशहूर सीन फिल्माया था। यकीन ही नहीं होता कि इतने साल बीत गए हैं।'



सुकेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने

# जैकलीन के सरकारी गवाह बनने का किया विरोध

**महाठग** सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने की अर्जी का कड़ा विरोध किया है। दूसरी ओर, पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडीस के वकील को ईडी के जवाब पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 12 मई को होगी। ईडी ने कोर्ट को बताया कि अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया था और उनका आचरण संतोषजनक नहीं रहा था। उन्होंने पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज अपने बयानों में पूर्ण और सही खुलासा करने में लगातार विफलता दिखाई। ईडी ने कहा कि जैकलीन फर्नांडीस ने सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास की जानकारी होने के बाद भी उनके साथ नियमित और लगातार संपर्क बनाए रखा, जिसने मनी लॉन्ड्रिंग से होने वाली अपराध की आय में से जैकलीन को गिफ्ट और अन्य सामान दिलाए। सुकेश चंद्रशेखर पर 200 करोड़ रुपए की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। इस हाई-प्रोफाइल केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सामने आया था, जब जांच एजेंसी ने दावा किया कि सुकेश ने ठगी के पैसों से जैकलीन को कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था।

जैकलीन ने हाल ही में कोर्ट में अर्जी दाखिल कर यह इच्छा जताई थी कि वह इस मामले में सरकारी गवाह बनना चाहती हैं और जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ईडी ने उनके इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि फिलहाल उनकी अर्जी को स्वीकार करने का कोई ठोस आधार नहीं दिखता।



# फीफा विश्व कप 2030 तक ब्राजील टीम के कोच बने रहेंगे कार्लो एंसेलोटी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ब्राजील फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने गुरुवार को पुष्टि की है कि मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने ब्राजील राष्ट्रीय टीम के साथ अपना अनुबंध 2030 फीफा विश्व कप तक बढ़ा लिया है। नया अनुबंध अगले चार वर्षों तक प्रभावी रहेगा। एंसेलोटी को पिछले वर्ष मई में ब्राजील का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में ब्राजील ने 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया, जिसका आयोजन 11 जून से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होगा।

अब तक एंसेलोटी के कार्यकाल में ब्राजील ने 10 मैच खेले हैं, जिनमें टीम को पांच जीत, दो ड्रॉ और तीन हार मिली हैं। उनका लक्ष्य ब्राजील को रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप



चैंपियन बनाना है। कार्लो एंसेलोटी ने एक आधिकारिक बयान में कहा,ह्लमैं एक साल पहले ब्राजील आया था। पहले ही मिनट से मुझे समझ आ गया था कि इस देश के लिए फुटबॉल क्या मायने रखता है। पिछले एक साल से हम ब्राजील की राष्ट्रीय टीम को फिर से विश्व फुटबॉल के शिखर पर पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन सीबीएफ और मैं इससे भी अधिक चाहते हैं – अधिक जीत, अधिक समय और अधिक मेहनत ह्व

उन्होंने आगे कहा,ह्लहमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम अगले चार वर्षों तक साथ बने रहेंगे। हम 2030 विश्व कप तक साथ काम करेंगे। मैं सीबीएफ का उनके भरोसे के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। ब्राजील, आपका गर्मजोशी से स्वागत करने और इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद ह्व ब्राजील फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) के अध्यक्ष समीर शाउद ने कहा,ह्लकार्लो एंसेलोटी के अनुबंध का नवीनीकरण हमारे उस संकल्प की दिशा में एक और मजबूत कदम है, जिसके तहत हम पांच बार की विश्व चैंपियन राष्ट्रीय टीम को और अधिक मजबूत, आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाना चाहते हैं। हम हर दिन इस दिशा में काम कर रहे हैं कि ब्राजील विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च स्तर पर बना रहे। साथ ही हम अन्य राष्ट्रीय टीमों के विकास, सीबीएफ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं और देशभर के क्लबों व संघों को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं ह्व



## अभिषेक बच्चन ने राजा शिवाजी के लिए क्यों नहीं मांगी फीस? बोले-

# कला दिल से शुरू होती है

**रितेश** देशमुख की राजा शिवाजी के लिए अभिषेक बच्चन ने कोई भी फीस चार्ज नहीं की. अब एक्टर ने इसपर रिएक्ट किया है. रितेश देशमुख ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि सलमान खान, विद्या बालन और अभिषेक बच्चन जैसे कई सितारों ने फिल्म राजा शिवाजी के लिए एक भी रुपये चार्ज नहीं किए. अब अभिषेक बच्चन ने उन लोगों को फटकार लगाई है, जो सोशल मीडिया पर फीस के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं. अभिषेक बच्चन ने बात करते हुए कहा, 'आजकल, हर जगह ऐसी रीलें चलती रहती हैं, जिनमें लोग तथ्यों और आंकड़ों की बात करते हैं. मीडिया को किसी अभिनेता या अभिनेत्री की मोटी फीस लेने और इतनी सारी वैन की मांग करने की बातें करना बहुत पसंद है, लेकिन अंततः यह एक कला है, जो दिल से शुरू होती है. उन्होंने कहा कि जब किसी प्रोजेक्ट पर सच्चा विश्वास होता है, तो पैसे और सुविधाएं मायने नहीं रखतीं. उनके लिए अभिनय सिर्फ एक सौदा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है. प्रेरणा ही कला की असली शुरुआत होती है. उन्होंने रितेश और जेनेलिया देशमुख की तारीफ करते हुए कहा कि आज के दौर में जहां फिल्मों को सिर्फ बॉक्स ऑफिस और आंकड़ों से जोड़ा जाता है, वहीं दोनों ने साबित किया कि हर चीज नंबरों से नहीं मापी जाती. उनके लिए यह फिल्म सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं थी, बल्कि एक खास और भावनात्मक अनुभव था, जिसे वे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ बना रहे थे.

# तिलक वर्मा की तूफानी पारी से मुंबई की शानदार जीत, पंजाब को 6 विकेट से हराया

एजेंसी

**धर्मशाला :** मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को खेले गए रोमांचक आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने आखिरी ओवर में 15 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। टीम की जीत के सबसे बड़े नायक तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 75 रन की विस्फोटक पारी खेली। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की यह लगातार पांचवीं हार रही। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए। टीम की शुरूआत अच्छी रही और प्रभसिमरन सिंह ने शानदार अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 57 रन की अहम पारी खेली। प्रियांश के साथ पहले विकेट के लिए 50 रन और फिर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी ने पंजाब को मजबूत आधार दिया। मध्यक्रम में विकेट गिरने के बावजूद अजमतुल्लाह उमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेलकर रन गति बनाए रखी। अंत में जेवियर बार्टलेट ने सिर्फ 7 गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट झटके, जबकि दीपक चाहर ने 2 बल्लेबाजों को आउट किया। 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए रायन रिकल्टन ने 48 रन की तेज शुरूआत दी। इसके बाद तिलक वर्मा ने पारी को संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में 75 रन बनाए और आखिरी तक नाबाद रहे।

## फीफा विश्व कप 2026 के लिए फ्रांस टीम घोषित, किलियन एम्बाप्पे शामिल, एंटोनी ग्रीजमैन बाहर

**नई दिल्ली :** दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए गुरुवार को अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूनार्मेंट 11 जून से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। फ्रांस के मुख्य कोच डिडिएर डेशॉम्प्स, जो इस विश्व कप के बाद अपने पद से हट जाएंगे, ने अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के संतुलन वाली टीम चुनी है। रियल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड किलियन एम्बाप्पे टीम की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं। टीम में मौजूदा बैलन डीह्णऑर विजेता उस्मान डेम्बेले भी शामिल हैं। फ्रांस की टीम में एम्बाप्पे, डेम्बेले, एनह्णगोलो कांते और लुकास हर्नांडेज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो पहले विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, यूरो 2024 के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले एंटोनी ग्रीजमैन ने वापसी नहीं की है। वहीं रियल मैड्रिड के मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा को टीम में जगह नहीं मिली। फ्रांस को ग्रुप–कमें सेनेगल, इराक और नॉर्वे के साथ रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरूआत 16 जून को सेनेगल के खिलाफ करेगी।

'पति पत्नी और वो 2' को लेकर उत्साहित सारा अली खान, बताया

# इस अभिनेत्री के किरदार पर आया था दिल

अपनी अपकमिंग ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर अभिनेत्री सारा अली खान उत्साहित हैं। इस बीच प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री आए दिन मजेदार बातें दर्शकों के साथ साझा कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया। सारा अली का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार खास है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार 'नीलोफर' में थी। बातचीत में आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली को रकुल प्रीत का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन हैं। इस पर सारा अली खान ने भी अपनी बात रखते हुए रकुल प्रीत की कॉमिक टाइमिंग की भी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'मुझे नीलोफर का किरदार बहुत पसंद आया था। स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही यह रोल मुझे बहुत अच्छा लगा। लेकिन अब जब मैंने सामने से देखा कि रकुल ने इसे कैसे निभाया है, तो लगता है कि उनके लिए यह रोल बिल्कुल परफेक्ट था। रकुल इतनी मजेदार लग रही हैं कि जो हुआ अच्छे के लिए ही हुआ। अगर कोई दूसरी दुनिया होती तो मैं जरूर नीलोफर का किरदार निभाना चाहती।

' इसके साथ ही रकुल प्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयुष्मान खुराना के साथ पहले भी काम कर चुकीं रकुल ने बताया कि दोस्तों के साथ दोबारा काम करना काफी आसान और मजेदार होता है। इस बार सबसे अलग बात यह रही कि सेट पर बहुत सहजता थी। हमें एक-दूसरे के काम करने के तरीके के बारे में पहले से पता था। इससे काम करना आसान और मस्ती भरा हो जाता है। फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' टी-सीरीज और बी.आर. स्टूडियोज के बैनर तले बनी है।

# मप्र: मंत्री कृष्णा गौर आज शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का करेंगी शुभारंभ

- 20 जिलों के 4000 ओबीसी युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए मिलेगा 45 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' का शुभारंभ करेंगी। भोपाल के अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने जानकारी देते हुए बतायाकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए ये योजना विभाग द्वारा शुरू की गई है। यह योजना प्रदेश के 20 चयनित जिलों में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य ओबीसी वर्ग के प्रतिभावान युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य अर्ध सैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है। योजना में प्रदेश भर से चयनित 4000 प्रतिभागियों को जिला स्तर पर 45 दिनों का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 100-100 के बैच में पुरुष और महिला वर्ग के युवाओं को अलग-अलग केंद्रों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने बताया कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहद वैज्ञानिक और सघन बनाया गया है। इसमें कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन 4 घंटे का सैद्धांतिक प्रशिक्षण और 3 घंटे का शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निशुल्क आवास और भोजन के साथ स्टाइपेंड, अध्ययन सामग्री भी मिलेगी। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि यह योजना युवाओं के लिए एक 'ऐतिहासिक सौगात' है, जो न केवल उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करेगी बल्कि उनमें देश सेवा का जज्बा और अनुशासन भी पैदा करेगी।

## हिमाचल में शहरी निकाय चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन, कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी ताकत

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। शुक्रवार दोपहर तीन बजे के बाद चुनावी शोर पूरी तरह थम जाएगा। ऐसे में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल आखिरी दिन अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर और जयराम ठाकुर तक चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के चुनाव इस बार दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गए हैं। यही वजह है कि कांग्रेस और भाजपा ने अपने बड़े नेताओं को प्रचार में उतारा है। इन चुनावों को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक ताकत की परीक्षा के तौर पर भी देखा जा रहा है। कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सोलन शहर के गंज बाजार में जनसभा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और राज्य सरकार के मंत्री भी अलग-अलग इलाकों में उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने अपने प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं को भी चुनाव प्रचार में लगाया है। वहीं भाजपा की ओर से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। अनुराग ठाकुर आज कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा करेंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी है और इसका असर चुनाव में दिखाई देगा। मतदान से एक दिन पहले 16 मई को उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर सकेंगे। चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर तीन बजे के बाद रैली, जुलूस, लाउडस्पीकर और सार्वजनिक चुनाव प्रचार पर रोक लग जाएगी। उम्मीदवार केवल व्यक्तिगत संपर्क अभियान चला सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद शुक्रवार दोपहर तीन बजे से ही ड्राई-डे भी लागू हो जाएगा। मतदान खत्म होने तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। आबकारी विभाग को निर्देश दिए गए हैं ।

## मध्य प्रदेश में गर्मी का कहर जारी, 40 जिलों में चलेंगी गर्म हवाएं, पांच जिलों में तेज लू का ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में गर्मी लगातार अपने तेवर दिखा रही है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कुछ इलाकों को छोड़कर अधिकांश जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। अगले चार दिनों तक प्रदेश में तेज गर्मी और हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को करीब 40 जिलों में गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई गई है, जबकि इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में 15 से 17 मई तक तीव्र लू चलने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच गर्मी का प्रभाव सबसे ज्यादा रहेगा। उन्होंने लोगों को जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। गुरुवार को भी प्रदेशभर में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। शाजापुर और छतरपुर के नौगांव में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। इसके अलावा खरगोन में 44.6 डिग्री, खंडवा और रतलाम में 44.5 डिग्री, खजुराहो में 44.3 डिग्री तथा रायसेन और दमोह में 44 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के बड़े शहरों में उज्जैन सबसे गर्म रहा, जहां पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं भोपाल में 43.4 डिग्री, जबलपुर में 43.3 डिग्री, इंदौर में 43 डिग्री और ग्वालियर में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास और धार जिलों में तीव्र लू के साथ वॉर्म नाइट का भी अलर्ट जारी किया गया है। इसका मतलब है कि रात के समय भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, अलीराजपुर, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली समेत कई जिलों में भी लू चलने की संभावना है।




# पेट्रोल-डीजल तीन रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा, नई दर आज से प्रभावी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। सीएनजी के दाम भी दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। करीब चार साल बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में भी ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। कोलकाता में पेट्रोल 3.29 रुपये बढ़कर अब 108.74 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपये बढ़कर 106.68 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहर चेन्नई में पेट्रोल के दामो में 2.83 रुपये का उछाल आया है और नई कीमत 103.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है।कोलकाता में डीजल की कीमत में 3.11 रुपये का इजाफा हुआ है। वहां एक लीटर डीजल 95.13 रुपये में मिल रहा है। मुंबई में भी डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 93.14 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। चेन्नई में डीजल की कीमत में 2.86 रुपये का इजाफा किया गया है। वहां डीजल अब 95.25 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।




दिल्ली के प्रीत विहार स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर एक ग्राहक ने इस पर कहा, ₹हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? ये सभी चीजें दूसरे देशों से आती हैं। इनका उत्पादन यहां नहीं होता। इसलिए सरकार जो भी कदम उठा रही है, वह देश के हित में है। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने पर विपक्ष हमलावर है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, "महंगाई मैन ने जनता पर हंटर चलाया।" सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आगे बढ़ना है, तो साइकिल ही विकल्प है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमत में यह बढ़ोतरी कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण ईंधन बेचने वाली कंपनियों को लगातार हो रहे नुकसान के बीच की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 106 डॉलर प्रति बैरल है।

# सपा में अब दगे हुए कारतूस इकट्ठा हो गए हैं : ओम प्रकाश

एजेंसी

**जौनपुर :** यूपी के जौनपुर में ओम प्रकाश राजभर गुरुवार को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में बीते दिनों बिजली का पोल गिरने से हुई शनि राजभर की मौत के बाद उनके परिवार में पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने देश की राजनीति, विपक्ष और कानून व्यवस्था को लेकर कई तीखी टिप्पणियां कीं। शनि अपने ननिहाल में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई हालिया टिप्पणी को लेकर राजभर ने कहा कि ह्वदेश के प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान है। 140 करोड़ जनता ने उन्हें चुना है, इसलिए उनका सम्मान करना हर नागरिक और जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है।ह्व उन्होंने कहा कि संविधान की शपथ लेने वाले नेताओं को उसकी मयार्दा में रहकर ही बयान देना चाहिए।राजभर ने कहा कि आज विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहा है, जबकि सरकार विकास कार्यों में जुटी है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज कायम हुआ है। ह्वपहले दंगे और कर्फ्यू आम बात थे, लेकिन पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में शांति और विकास दोनों देखने को मिला है,ह्व।



2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजभर ने कहा कि ह्वडूबती हुई नाव पर कोई बैठना नहीं चाहता।ह्व उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा में अब ह्वदगे हुए कारतूसह्व इकट्ठा हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी 62 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेस-वे और बेहतर कनेक्टिविटी से लोगों का जीवन आसान हुआ है। ह्वअब लोग जौनपुर में चाय पीकर लखनऊ में नौकरी करने पहुंच जाते हैं,ह्व।राजभर ने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब विकास और अमन-चैन चाहती है, और आने वाले चुनावों में इसका असर साफ दिखाई देगा।

## बिहार में मुजफ्फरपुर की विश्व प्रसिद्ध 'शाही लीची' ने दी बाजार में दस्तक, 400 सैकड़ा तक पहुंची कीमत

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले की विश्व प्रसिद्ध 'शाही लीची' का इंतजार खत्म हो चुका है। अपनी खास मिठास, लाजवाब सुगंध और पतले छिलके के लिए देश-विदेश में मशहूर शाही लीची अब स्थानीय बाजारों में सजने लगी है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों जैसे स्टेशन रोड और क्लब रोड सहित कई बाजारों में लाल रंग की आकर्षक लीचियां ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही हैं। हालांकि, सीजन की शुरूआती आवक होने के कारण फिलहाल इसकी कीमतें आसमान छू रही हैं और यह बाजार में 400 प्रति सैकड़ा (100 पीस) की दर से बिक रही है। बाजार के स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अभी बागानों से लीची की तुड़ाई बहुत ही सीमित मात्रा में की जा रही है। बाजार में फल की उपलब्धता कम होने और इसके शौकीनों की भारी भीड़ होने के कारण शुरूआती दौर में डिमांड और कीमत दोनों काफी ज्यादा हैं। रोहुआ क्षेत्र के लीची व्यवसायी वीरू साह ने बताया कि शाही लीची का क्रेज लोगों में इस कदर होता है कि सीजन की पहली खेप आते ही लोग ऊंची कीमत पर भी इसे खरीदने को तैयार हैं। यही वजह है कि फिलहाल 400 सैकड़ा की दर पर इसकी धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। मई के अंत और जून की शुरूआत में मिलेगी राहत:आम उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि ये ऊंचे दाम बहुत दिनों तक नहीं रहने वाले हैं। कांटी से मुजफ्फरपुर बाजार पहुंचे फल व्यापारी विशाल साह ने जानकारी दी कि बागानों में अब बड़े पैमाने पर तुड़ाई की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगले एक सप्ताह के भीतर बाजार में लीची की आवक में भारी तेजी आएगी। व्यापारियों का अनुमान है कि मई के आखिरी सप्ताह और जून के पहले सप्ताह तक बाजार शाही लीची से पूरी तरह पट जाएगा।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में बिकवाली का दबाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। टेक्नोलॉजी स्टॉक्स में आई तेजी के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती का रुख बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 370.26 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50,063.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.77 प्रतिशत उछल कर 7,501.24 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 232.88 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,635.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 116.02 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 49,947.44 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 10,372.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह से सीएसी इंडेक्स ने 0.92 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,082.27 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 319.45 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,456.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



एशियाई बाजार में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एशिया के नौ बाजार में से छह के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक मामूली तेजी के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। इंडोनेशिया के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई हलचल नहीं है। गिफ्ट निफ्टी 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,789.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,183.06 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 794.05 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,860 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 238.04 अंक यानी 0.90 प्रतिशत लुढ़क कर 26,151 अंक के स्तर तक आ गया है। कोस्पी इंडेक्स में आज जबरदस्त कमजोरी दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 275.66 अंक यानी 3.45 प्रतिशत टूट कर 7,705.75 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 252.67 अंक यानी 0.61 प्रतिशत फिसल कर 41,499.08 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,534.48 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,991.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### असम सरकार के नवनियुक्त मंत्री चरण बोडो का उदालगुड़ी में भव्य स्वागत

**उदालगुड़ी (असम) :** असम सरकार के नवनियुक्त मंत्री चरण बोडो का बीती रात उदालगुड़ी पहुंचने पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकताओं ने बैंड बजाकर, नाच-गाकर तथा जुलूस निकालकर मंत्री को उनके आवास तक पहुंचाया। मंत्री के स्वागत को लेकर पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने चरण बोडो के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मीडिया से बातचीत में चरण बोडो ने कहा कि उन्हें असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में जनता की सेवा करने का अवसर मिलने पर बेहद खुशी है। उन्होंने कहा कि वह जनता के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

### जुमे की नमाज से पहले भोपाल में हाई अलर्ट, प्रमुख मस्जिदों और संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई गई सुरक्षा

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। पुराने शहर और अति संवेदनशील इलाकों में सुबह से ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य नमाज के दौरान शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है। दरअसल यह सतर्कता हाल ही में सामने आए उस विवादित मामले के बाद बढ़ाई गई है, जिसमें एक मुस्लिम युवक के साथ मारपीट कर उसके चेहरे पर स्याही और गोबर लगाए जाने का आरोप लगा था। घटना के बाद शहर का माहौल संवेदनशील बना हुआ है। इस मामले को लेकर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन गौतम ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि शुक्रवार तक कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा चुकी है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों और भड़काऊ संदेशों से दूर रहने की अपील भी की। वहीं, भोपाल के शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों से अमन-चैन और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी उकसावे या अफवाह पर ध्यान न दें और शहर की शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

पुराने भोपाल के इतवारा, बुधवारा और पीरगेट समेत कई इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। ताजुल मसाजिद, मोती मस्जिद, जामा मस्जिद और कुलसुम बिया मस्जिद के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। नमाज के समय पुलिस लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी कर रही है।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दोपहर 12:40 बजे से 2:45 बजे के बीच शहर की विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शहर में शांति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

गौरतलब है कि चार दिन पहले एक होटल में युवक-युवती मिलने के मामले में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने मुस्लिम युवक के साथ मारपीट की थी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मुस्लिम समाज में नाराजगी बढ़ गई थी। इसी को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे थे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

### राजधानी पटना में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के समय मसाला कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**पटना :** राजधानी पटना के सुल्तानगंज थानाक्षेत्र के मुसल्लेपुर हाट सब्जी मंडी में गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने एक मसाला कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने इस हत्याकांड को सिविल डिफेंस के ब्लैकआउट पूर्वाभ्यास के दौरान अंजाम दिया। आनन-फानन में स्थानीय लोग और परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने देर रात उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी पुलिस अधीक्षक (पटना पूर्वी) परिचय कुमार और पटना सिटी के अपर पुलिस अधीक्षक राजकिशोर सिंह मौके पर पहुंचे। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण नमूने एकत्रित किए हैं। सिटी एसपी परिचय कुमार ने बातचीत में बताया कि यह घटना तब अंजाम दी गई जब शहर में सिविल डिफेंस का ब्लैकआउट पूर्वाभ्यास चल रहा था। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात अपराधियों ने मसाला कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि मसाला कारोबार को काफी करीब से गोली मारी गई है। मृतक की पहचान टिकिया टोली निवासी नेपाली साव के 35 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। वे मुसल्लेपुर हाट में मसालों का कारोबार करते थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों का सुराग मिल सके।

### मॉक ड्रिल: जोरहाट में बम जैसी आवाज से मचा हड़कंप, अचानक बज उठा सायरन

**जोरहाट (असम) :** जोरहाट के नेहरू पार्क चारिआली इलाके बीती रात को अचानक सायरन बजने और बम जैसी आवाज सुनाई देने से लोगों के बीच कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि बाद में पता चला कि यह भारतीय वायु सेना और असैनिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक मॉक ड्रिल का हिस्सा था। यह अभ्यास युद्ध जैसी स्थिति में हवाई हमले के दौरान आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपदा एवं राहत एजेंसियों के बीच समन्वय और त्वरित कार्रवाई की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान चिकित्सा सेवाओं, अग्निशमन विभाग तथा बचाव दलों ने यह प्रदर्शित किया कि युद्ध की स्थिति में घायल लोगों का उपचार, आग पर काबू पाने और आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किस प्रकार किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों को प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना है।

### कोलकाता पुलिस के डीसी शांतनु सिन्हा विश्वास को ईडी ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोना पाप्पू मामले में लंबी पूछताछ के बाद कोलकाता पुलिस के उपायुक्त (डीसीपी) शांतनु सिन्हा विश्वास को गिरफ्तार कर लिया है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार रात उन्हें हिरासत में लिया। शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। शुक्रवार सुबह ईडी के एक अधिकारी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वह जांच में पूरी तरह से असहयोग कर रहे थे जिसकी वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह से ही कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में शांतनु सिन्हा विश्वास से पूछताछ की जा रही थी। लगभग साढ़े 10 घंटे तक चली पूछताछ के बाद रात करीब 10 बजे उनकी गिरफ्तारी की गई। ईडी इससे पहले भी सोना पाप्पू मामले में पूछताछ के लिए शांतनु को कई बार तलब कर चुकी थी। आरोप है कि वह लगातार समन से बचते रहे। जांच एजेंसी ने उनके आवास पर तलाशी अभियान भी चलाया था। बताया जा रहा है कि कोलकाता और दिल्ली स्थित ईडी कार्यालयों की ओर से भी विभिन्न मामलों में उन्हें बुलाया गया था। एक मामले में समन मिलने के बाद उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख भी किया था।

लगातार पूछताछ से बचने के कारण ईडी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था, ताकि वह देश छोड़कर बाहर न जा सकें। जांच एजेंसी के सूत्रों का दावा है कि सोना पाप्पू और उसके करीबी लोगों के साथ शांतनु के कुछ वित्तीय लेनदेन के संबंध मिले हैं। वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार कारोबारी जय कामदार से बरामद दस्तावेजों में भी शांतनु का नाम सामने आया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ईडी ने पाप्पू मामले की जांच के सिलसिले में फर्न रोड स्थित शांतनु सिन्हा विश्वास के घर पर छापेमारी की थी। यह अभियान सुबह से शुरू होकर देर रात तक चला था। तलाशी के दौरान शांतनु सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। इसके अगले दिन ईडी ने शांतनु तथा उनके दोनों पुत्रों सायंतन और मनीष को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में उपस्थित होने के लिए बुलाया था, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे थे।

इसके अलावा अप्रैल में ईडी ने उन्हें बालू तस्करी मामले की जांच में भी तलब किया था। हालांकि, उस समय वह स्वयं उपस्थित नहीं हुए थे और उनकी ओर से उनके वकील ईडी कार्यालय पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने अन्य कार्यों में व्यस्तता का हवाला देकर एजेंसी से समय मांगा था। विधानसभा चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद गुरुवार को वह ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

न्यूज IN ब्रीफ

## पलामू में बिजली की आंख मिचौली जारी, उमस भरी गर्मी में लोग परेशान

**मेदिनीनगर :** पुरे पलामू जिले में इन दिनों लोग बिजली की आँख मिचौली से लोग परेशान हैं. लोगों का यह भी आरोप है की पुरे दिन अगर दो घंटे भी बिजली मिल जाती है तो गनीमत ही समझिये. ऊपर से जब लोग पदाधिकारिओं को फोन लगाते हैं. तो वे फोन नहीं उठाते हैं.

इन दिनों बिजली की लगातार हो रही कटौती से आमजन काफी परेशान हैं।शहरी क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का उमस भरी गर्मी में रहना मुश्किल हो गया है। बिजली आता है कुछ देर में गायब हो जाता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाके में पूरी तरह बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सोशल मीडिया ग्रुपों में भी बिजली संकट को लेकर लगातार चचाएं हो रही हैं।परेशान लोग अपनी भड़ास निकालते हुए बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि फॉल्ट के नाम पर पुरे जिले में बिजली में कटौती कर रेलवे को सप्लाई दी जा रही है,जिसके कारण स्थानीय उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वे बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराएं, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

## डालसा ने चलाया डोर टू डोर कैम्पेन

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच प्रोग्राम के तहत सदर प्रखंड के सुआ पंचायत के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया।साथ महिलाओं के घरेलू हिंसा को ले जागरूक किया गया।इस मौके पर पीएलवी अनिता मिंज ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का शादी करना अपराध हैं।उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का यौन अपराध गम्भीर व संज्ञेय है।इसके लिए पोक्सो एक्ट मे कठोर सजा का प्रावधान हैं।मौके पर पीएलवी इंदुवाला देवी ने कहा कि महिलाओं को हिंसा से रोकने के लिए कई कानून बने हैं।उन्होंने कहा कि बाल विवाह व बाल श्रम के विरुद्ध आवाज उठाए।उन्होंने कहा कि बच्चे को जरूर पढ़ाये।इस मौके पर पीएलवी पूनम देवी ने कहा कि आज बच्चों की सुरक्षा बहुत बड़ी जिम्मेदारी हैं।इसके लिए भी कई कानून बने हैं।उन्होंने कहा कि यौन शोषण और पोनोग्राफी जैसे अपराधों को रोकने के लिए पोक्सो एक्ट बनाया गया है ।उन्होंने गुड टच बैड टच के बारे में भी जानकारी दी। और कहा कि आपके के साथ किसी भी प्रकार का ऐसी घटना होती हैं तो डरे नही अपने माता पिता सगे सम्बन्धी, पड़ोसी पीएलवी व सम्बंधित थाना को सूचना जरूर दे।तभी अपराध पर अंकुश लगेगा।इस मौके पर डालसा द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम व उपलब्ध सेवाओं के बारे में बिस्तार से जानकारी दी गई।मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित

## साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 9 हजार 500 सौ रुपये

चतराः जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत अंतर्गत बेला गांव स्थित एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर अपराधीयों ने पीड़िता से न तो कोई ओटीपी पूछा और न ही कोई एप या लिंक डाउनलोड करने के लिए कहा। लेकिन इसके बाबजूद भी पीड़िता के बैंक बचत खाते से नौ हजार पांच सौ रुपए की निकासी कर ली गई। पीड़िता ने गुरुवार को हंटरगंज थाने में लिखित शिकायत दी है,लेकिन बैंक ने अपनी कोई भी जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार कर दिया है। बैंक के कर्मियों ने इसे साइबर फ्रॉड बताते हुए पीड़िता को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। पीड़िता थाना क्षेत्र के बेला निवासी रमेश कुमार के 31 वर्षीय पत्नी पूनम कुमारी है। 13 मई की शाम को उनके मोबाइल पर संदेश आया कि उनके बैंक ऑफ इंडिया शाखा हंटरगंज बैंक बचत खाते से 9 हजार 500 सौ रुपये निकल गए हैं। यह देखकर पूनम आश्चर्य में पड़ गई क्योंकि वह तो कोई पैसे निकाली ही नहीं थी, और उनका एटीएम कार्ड भी नहीं है, ना ही उसके पास कोई कॉल आया था, ना ही ओटीपी। जिसके बाद पीड़िता आनन - फानन में सुबह बैंक ऑफ इंडिया शाखा हंटरगंज पहुंची और शाखा प्रबंधक को मामले की जानकारी दी। इसके बाद जब पूनम ने अपने बैंक खाते की स्टेटमेंट चेक की तो बैंक से निकासी राशि सही पाया।शाखा प्रबंधक ने इसे साइबर फ्रॉड बताते हुए पीड़िता को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। पीड़िता पूनम ने पत्रकारों को बताई कि उनका मोबाइल पूरी तरह उनके पास सुरक्षित है। वह एटीएम भी इस्तेमाल नहीं करती हैं । उन्होंने न तो कोई लिंक डाउनलोड किया है और न ही कोई ऐसा ऐप डाउनलोड किया है, ना ही कॉल आया और ना ही ओटीपी बताई जिससे कोई फ्रॉड हो सके। लेकिन इसके बाद भी उनके खाता से कुल मिलाकर 9 हजार 500 सौ रुपए निकाल लिए गए। उन्होंने बैंक से इस फ्रॉड की शिकायत की तो उनकी शिकायत पर बैंक खाते ब्लॉक कर दिए गए हैं। लेकिन बैंक ने किसी भी तरह अपनी जिम्मेदारी होने से इनकार कर दिया है। पीड़िता ने हंटरगंज थाने में इस घटना की लिखित आवेदन देकर साइबर अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई करने तथा खाते से निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। इधर, पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करें तथा बैंक खाते से जुड़ी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत बैंक और पुलिस को दें। पुलिस ने इस पर कार्रवाई करने के लिए भी आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनडीपीएस कांड का वांछित आरोपी देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

खूंटीः जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खूंटी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एनडीपीएस थाना कांड संख्या 08/26 के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र के अलौंदी गांव निवासी राम मुंडा भंडरा गांव के पास पुलिया पर बैठकर महुआ शराब का सेवन कर रहा है तथा उसके पास अवैध हथियार भी मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए खूंटी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी वहां से भागने लगा, लेकिन पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे चारों ओर से घेर लिया और कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कमर में खोंसा हुआ एक देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पूर्व से एनडीपीएस थाना कांड संख्या 08/26 में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने हथियार बरामदगी के मामले में खूंटी थाना कांड संख्या 68/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों, अवैध हथियार रखने वालों और मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# मजदूरों को मिला न्याय, संघर्ष की एकता ने दिलाई ऐतिहासिक जीत : मधु कोड़ा

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** गुवा सेल लौह अयस्क खदान में प्रभावित गांवों के बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन ऐतिहासिक सफलता के साथ समाप्त हुआ। कंपनी प्रबंधन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों के बीच लगभग छह घंटे चली त्रिपक्षीय वार्ता के बाद कंपनी ने पहले चरण में 50 प्रभावित बेरोजगार ग्रामीणों को नौकरी देने की लिखित सहमति प्रदान की।



इस आंदोलन से पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चलाया गया था। 15 फरवरी 2026 को रोजगार की मांग को लेकर संयुक्त बैठक की गई, 2 मार्च 2026 को प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया, 18 मार्च 2026 को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन हुआ, 7 अप्रैल 2026 को भूख हड़ताल की गई तथा 28 अप्रैल 2026 को काम ठप कर विरोध प्रदर्शन किया गया। मांगों पर ठोस पहल नहीं होने के बाद 11 मई 2026 से 19 गांवों के मुंडा-मानकी, ग्रामीणों एवं मजदूरों ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू कर माइंस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। आंदोलनकारियों ने उत्पादन पूरी तरह बंद करा दिया तथा स्क्रीनिंग किए गए लौह अयस्क को भी बाहर जाने नहीं दिया, जिसके बाद प्रबंधन को वार्ता के लिए आगे आना पड़ा।

वार्ता में यह निर्णय लिया गया कि गुवा सेल खदान से प्रभावित गांवों एवं सीएसआर क्षेत्र के 50 बेरोजगार ग्रामीणों को ग्रामसभा की अनुशंसा के आधार पर मई 2026 में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही यह भी सहमति बनी कि रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। प्रत्येक गांव से लाभार्थियों का चयन ग्रामसभा के माध्यम से किया जाएगा।

नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निगरानी के लिए कंपनी प्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी, मानकी-मुंडा के ग्रामीण प्रतिनिधि तथा आउटसोर्सिंग एजेंसी की संयुक्त समिति गठित की जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री टॉ४ डर्ङ्ग ने कहा कि यह संघर्ष मजदूरों और ग्रामीणों की एकता की ऐतिहासिक जीत है तथा लंबे आंदोलन के बाद आखिरकार मजदूरों को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि मजदूर और प्रबंधन एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों का दायित्व है कि एक-दूसरे के हितों की रक्षा करें। आंदोलन के दौरान उनकी सक्रिय भागीदारी से ग्रामीणों और मजदूरों को आत्मबल मिला।

पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि-ः नियुक्ति में पारदर्शिता अपनाने की जो नीति निर्धारित हुई है, उससे पूर्व में नियुक्ति में हुई धांधली और लाखों रुपया लेकर नौकरी दिलाने वाले तथाकथित ₹छुट-भइय₹ और दलालों पर विराम लगेगा, तथा योग्य और प्रभावित ग्रामीणों को ही नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी। ग्रामीण प्रतिनिधियों में सुरेश चाम्पिया, मंगता सुरेन, देवकी कुमारी, सिंगा सुरेन, बिरसा सुरेन, केशव गोप, विकास गोप, गुलियन चाम्पिया, विकास पुरती, सुशील पुरती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कंपनी की ओर से सीजीएम चन्द्र भूषण कुमार उपस्थित थे, जबकि प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी महिंद्र छोटन उरांव पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अजय क्रेकेटा प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रजक,सीओ, थाना प्रभारी , एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन एवं निर्वाचन आयोग के मानकों का लिया जायजा



संवाददाता

**गोड्डा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गोड्डा श्री लोकेश मिश्रा द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा ईवीएम वेयरहाउस परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों की स्थिति, बैलट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट हॉल की सुरक्षा, परिसर की साफ-सफाई तथा रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा सुरक्षा में प्रतिनियुक्त बलों के लॉग बुक का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी के नियमित संधारण एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था, वेयरहाउस के कमरों की सीलिंग, डबल लॉक सिस्टम तथा प्रवेश एवं निकास व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम वेयरहाउस निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी सुरक्षा, गोपनीयता एवं रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा बलों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति पूर्ण सजगता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस परिसर में नियमित निगरानी बनाए रखने, सभी सुरक्षा उपकरणों को सतत क्रियाशील रखने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी-सह-उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव, निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंडों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का चला अभियान

संवाददाता

**चाईबासा :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत अभियान चलाकर कुल 23 चापाकलों को दुरुस्त किया गया।




जगन्नाथपुर प्रखंड के भनगांव पंचायत अंतर्गत जोगीनिंदा गांव के खास टोला में एक चापाकल की मरम्मत की गई। वहीं पटाजंत पंचायत के पोकाम गांव के नायक टोला में भी एक चापाकल चालू कराया गया। टोंटो प्रखंड के केंदरा पंचायत अंतर्गत बांडीजारी गांव में सबसे अधिक छह चापाकलों की मरम्मत की गई। इनमें मुंडा साई, बोदरा साई, हेस्सा साई, सिदु साई तथा खास टोला के चापाकल शामिल हैं। खूंटपानी प्रखंड के बरकेला पंचायत स्थित बरकेला गांव के नदियां साई में एक चापाकल की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई।

झींकपानी प्रखंड के चोया पंचायत अंतर्गत चिड़ियापहाड़ी गांव के खास टोला में दो चापाकलों की मरम्मत की गई। इसके अलावा चांदिया पंचायत के चांदिया गांव में भी एक चापाकल को दुरुस्त किया गया। सदर चाईबासा प्रखंड के निमडीह पंचायत अंतर्गत निमडीह गांव के खास टोला में एक चापाकल की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल की गई। नोवामुंडी प्रखंड के नोवामुंडी बस्ती पंचायत स्थित मेरलगड़ा गांव के स्कूल टोला तथा मोहदी पंचायत के मोहदी गांव के तोरेटोपा टोला में एक-एक चापाकल की मरम्मत की गई। हाटगम्हरिया प्रखंड के कुसमिता पंचायत अंतर्गत बिचाबुरू गांव में कुल पांच चापाकलों को दुरुस्त किया गया। इनमें खास टोला एवं डिंडीबुरू क्षेत्र के चापाकल शामिल हैं।

मंझगांव प्रखंड के पड़सा पंचायत स्थित शिलफोड़ी गांव में नीचे टोला और ऊपर टोला में कुल तीन चापाकलों की मरम्मत कर ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## उपायुक्त और एसपी ने उप कारा किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**खूंटी :** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं एसपी ऋषभ गर्ग ने उप कारा खूंटी का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कारा संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कारा परिसर की सुरक्षा, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने कारा परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों और निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कारा परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया गया।

## झामुमो को मजबूत बनाने को लेकर हुई बैठक

संवाददाता

**चतराः** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चतरा जिला मुख्यालय स्थित सदर थाना के समीप जिला झामुमो कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञाशेन की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी मोर्चा के जिला व प्रखंड के अध्यक्ष समेत सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। पत्रकारों से बात करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर आज बैठक आयोजित की गई है। झामुमो का प्रत्येक सिपाही बूथ स्तर तक घरों में पहुंचकर संगठन को जनजन तक मजबूत और धारदार बनाने का काम करेगा। कहा कि झारखंड की हेमन्त सोरेन सरकार की अगुवाई में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। जनता के इन योजनाओं को बताने का काम किया जाएगा। पेट्रोल और डीजल की कमी पर उन्होंने देश की भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की विदेश और आर्थिक नीति पूरी तरह से फेल हो गई है। इसी का नतीजा है कि आज पूरा देश पेट्रोलियम की कमी झेल रहा है। आगे कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं में प्रत्येक पेट्रोल पंपों पर भेजेंगे।जहां सबसे पहले दूध, एंबुलेस जैसे आवश्यक सर्विसेस को डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## बीवीपी के प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मान

संवाददाता

**खूंटी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खूंटी शाखा द्वारा स्थानीय बिरसा कॉलेज खूंटी के बहुउद्देशीय भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 40 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहे। उनके साथ बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य चंद्रकिशोर भगत, एबीवीपी के झारखंड प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी तथा डॉ. मौसमी पॉल मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत में एबीवीपी की कार्यकर्ता मारुति हेमरोम ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सोच रखने वाले जागरूक युवाओं को तैयार करने का माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं और छात्रवृत्तियों का लाभ उठाकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपने सपनों को नई उड़ान दें।



अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा एवं डॉ. मौसमी पॉल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति गंभीर रहने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्रनिमार्ता हैं, इसलिए उनका चरित्रवान, अनुशासित और संस्कारी होना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों के मित्रवत मार्गदर्शक बनने की अपील करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के हाथों मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और आत्मविश्वास से खिल उठे। वहीं शिक्षा मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास और करियर विकल्पों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, जिससे विद्यार्थियों को अपने भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिल सके।

इस अवसर पर खूंटी नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार राम, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, जितेंद्र कश्यप, गौरा देवी, महेंद्र भगत, राजू जायसवाल, कृष्णानंद तिवारी सहित जिले के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया।